संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

www.ghatatighatana.com ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 277 शुक्रवार 08 अगस्त 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




# ट्रंप के टैरिफ के बीच रूस-भारत संबंधों में नई गर्माहट



**नई दिल्ली ,07 अगस्त 2025 (ए)।** भारत और अमेरिका के बीच रूसी तेल व्यापार को लेकर गहराते तनाव के बीच अब एक बड़ी राजनयिक हलचल देखने को मिल रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी महीने भारत का दौरा कर सकते हैं। एक रूसी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की मॉस्को यात्रा के दौरान इस संभावित यात्रा की पुष्टि हुई। माना जा रहा है कि पुतिन अगस्त के अंत तक नई दिल्ली पहुंच सकते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

### एससीओ सम्मेलन से पहले होगी मुलाकात?

पुतिन और मोदी की अगली संभावित मुलाकात शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के दौरान भी हो सकती है, जो इसी महीने शंघाई में आयोजित किया जा रहा है। हालांकि एससीओ मंच पर मुलाकात बहुपक्षीय होगी, लेकिन दिल्ली यात्रा पूरी तरह द्विपक्षीय बातचीत का अवसर बनेगी। 2021 के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। इस बार पृष्ठभूमि पूरी तरह बदल चुकी है–अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए भारी टैरिफ़ और रूस के खिलाफ कड़े रुख के कारण यह दौरा पहले से कहीं अधिक रणनीतिक महत्व रखता है।

### ट्रंप का टैरिफ वार और रूस का समर्थन

ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में घोषणा की कि रूस से तेल खरीदने के चलते भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर अब कुल 50 प्रतिशत तक का टैरिफ़ लगेगा। यह टैरिफ 27 अगस्त से प्रभावी होगा। ट्रंप ने यहां तक कहा कि जो भी देश रूस से व्यापारिक रिश्ते बनाए रखेंगे, उन पर और भी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इस कड़े रुख का जवाब रूस ने तुरंत दिया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने साफ शब्दों में कहा कि विभिन्न देशों को रूस के साथ व्यापारिक संबंध तोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ये धमकियाँ हैं और हम इन्हें वैध नहीं मानते। उन्होंने यह भी दोहराया कि हर संप्रभु देश को अपने व्यापारिक साझेदार चुनने का अधिकार है। हालांकि उन्होंने भारत का नाम सीधे नहीं लिया, लेकिन संकेत साफ थे–मॉस्को भारत के फैसलों के समर्थन में खड़ा है।

### भारत के लिए क्यों अहम है यह यात्रा?

वर्तमान परिस्थितियों में पुतिन की यह यात्रा भारत के लिए न सिर्फ कूटनीतिक बल्कि रणनीतिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ऐसे समय में जब भारत को अमेरिकी दबाव का सामना करना पड़ रहा है, रूस का खुलकर समर्थन देना वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को संतुलन प्रदान कर सकता है। साथ ही, ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर भी दोनों देशों के बीच गहन चर्चा की उम्मीद है।ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीति ने वैश्विक राजनीति में एक नई हलचल पैदा कर दी है। लेकिन भारत और रूस के बीच बढ़ती नज़दीकियाँ यह दर्शा रही हैं कि नई दिल्ली स्वतंत्र विदेश नीति के अपने रुख पर कायम है। पुतिन की संभावित भारत यात्रा न केवल दोनों देशों के संबंधों को मजबूती देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश में भाजपा नेता पर चली गोली,हुए घायल



**आगरा,07 अगस्त 2025(ए)।** आगरा के शाह मार्केट (हरीपर्वत) में बुधवार रात करीब 11:30 बजे डेयरी व्यवसायी और भाजपा नेता सुमित दिवाकर पर गोली चलाई गई। सुमित,जो भाजपा महानगर के कार्य निर्माण विभाग के सह संयोजक हैं, शाह मार्केट में एक दुकान पर अंडे खा रहे थे। अचानक एक युवक ने उन पर गोली चला दी, जो उनके कान के पास से छूकर निकल गई और टिन में जा लगी। सुमित लहूलुहान होकर गिर पड़े और बेहोश हो गए।

### मध्य प्रदेश में 15 अगस्त से शुरू होगी नई सुविधाओं से लैस डायल 112 सेवा



**भोपाल,07 अगस्त 2025(ए)।** मध्य प्रदेश में 15 अगस्त 2025 से पुलिस आपातकालीन सेवा में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। पिछले एक दशक से चल रही डायल 100 सेवा को बंद कर डायल 112 सेवा शुरू की जाएगी। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बताया कि 14 अगस्त 2025 से डायल 100 वाहन पूरी तरह हटा लिए जाएंगे, और नई सेवा का संचालन जीवीके कंपनी करेगी।डायल 112 सेवा के तहत सभी 52 जिलों में 1200 नए फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल (एफआरवी) तैनात होंगे। इनमें 600 स्कॉर्पियो-एन शहरी क्षेत्रों और 600 बोलेरो नियो प्लस ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देंगे। ये वाहन जीपीएस,वायरलेस,डिजिटल नेविगेशन और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी आधुनिक तकनीकों से लैस होंगे।

### रेप केश मामले में क्रिकेटर यश दयाल का जेल जाना तय



**हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी रोकने से किया इनकार**

**जयपुर,07 अगस्त 2025(ए)।** इंडियन प्रीमियर लीग की चैंपियन टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। नाबालिग लड़की से कथित बलात्कार के मामले में हाई कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति सुदेश बंसल की अदालत ने कहा कि चूंकि पीड़िता नाबालिग है, इसलिए क्रिकेटर को अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने केस डायरी तलब करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 22 अगस्त 2025 तय की है।

## जून 2026 से बंद होगा कुम्हारी टोल प्लाजा

**सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों को मिली बड़ी सफलता**



**नई दिल्ली/रायपुर,07 अगस्त 2025 (ए)।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल के निरंतर प्रयासों का बड़ा परिणाम सामने आया है। केंद्र सरकार ने कुम्हारी टोल प्लाजा को जून 2026 से पूर्ण रूप से बंद करने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वयं पत्र लिखकर श्री अग्रवाल को जानकारी दी है। बृजमोहन अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला छत्तीसगढ़वासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इससे लोगों का समय, ईंधन और पैसा तीनों की बचत होगी।

### जून 2026 तक पूर्ण होगा औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास

श्री अग्रवाल ने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत 92 किलोमीटर लंबे औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा किया जाएगा। इसके पूरा होते ही कुम्हारी टोल प्लाजा की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी और इसे बंद कर दिया जाएगा। यह नया 6 लेन एक्सेस-नियंत्रित राजमार्ग दुर्ग, रायपुर और आरंग को जोड़ेगा, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि शहरों के बीच यातायात का दबाव भी कम होगा। केंद्र सरकार ने 15 अगस्त 2025 से फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए वार्षिक पास योजना लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत 3,000 में 200 यात्राएं (या 1 वर्ष तक) की जा सकेंगी। इससे निजी वाहन मालिकों को प्रति यात्रा मात्र 15 का खर्च पड़ेगा। यह योजना कार, जीप और वैन जैसे गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगी।

### देश का नौंवा बैरियर-रहित टोल प्लाजा बनेगा कुम्हारी

देशभर में फास्टैग-आधारित प्रणाली के अंतर्गत बिना रुके टोल वसूली प्रणाली को लागू किया जा रहा है। देश के आठ टोल प्लाजा पहले से ही इस प्रणाली से जुड़े हैं, और अब कुम्हारी देश का नौंवा टोल प्लाजा बनेगा, जहां मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली लागू की जाएगी। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के विजन को साकार करती है। इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा और सड़कों पर जाम की स्थिति में भी कमी आएगी।

## राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर फिर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली ,07 अगस्त 2025(ए)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन में गड़बड़ियों को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इस दौरान महाराष्ट्र और कर्नाटक की मतदाता सूची दिखाते हुए इन दोनों राज्यों की वोटर लिस्ट में फर्जी वोटर्स का आरोप लगाया।



राहुल गांधी ने प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि संविधान की नींव वोट है। ऐसे में सोचना होगा कि क्या सही लोगों को वोट डालने दिया जा रहा है? क्या मतदाता सूची में फर्जी वोटर्स जोड़े गए? महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया। हम महाराष्ट्र में चुनाव हार गए। महाराष्ट्र में 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं. यहां पांच महीने में कई वोटर जोड़े गए। वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग जवाब देना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि क्या वोटर लिस्ट सही है या गलत? कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता? हमने आयोग से बार-बार डेटा मांगा लेकिन हमें नहीं दिया गया। यहां तक कि चुनाव आयोग ने हमें जवाब देने से भी इनकार कर दिया।




## उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली,07 अगस्त 2025(ए)।** निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को होने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है और इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। अधिसूचना के अनुसार,नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है,जबकि दस्तावेजों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी। अधिसूचना के अनुसार नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 25 अगस्त है।

## सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी खाई में गिरी 3 जवानों की मौत



**कश्मीर ,07 अगस्त 2025(ए)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह सीआरपीएफ जवानों का बंकर गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 की हालत गंभीर है। उधमपुर, एडिशनल एसपी संदीप भट ने कहा कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है।



## कुख्यात गैंगस्टर आशीष रंजन ढेर


**एके 47 समेत कई हथियार जब्त**

**प्रयागराज,07 अगस्त 2025(ए)।** झारखंड का धनबाद निवासी कुख्यात गैंगस्टर आशीष रंजन सिंह उर्फ छोटू सिंह यूपी के प्रयागराज में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। मुठभेड़ प्रयागराज के शंकरगढ़ इलाके में बुधवार देर रात हुई। पुलिस की गोली से घायल आशीष को अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। झारखंड पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी आशीष रंजन की मौत की पुष्टि की है। एसटीएफ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी।

## एआई नहीं सीखा तो रह जाओगे पीछे

**सुंदर पिचाई की इंजीनियर्स को चेतावनी**

**नई दिल्ली,07 अगस्त 2025(ए)।** गूगल ने अपनी ऑल-हैंड्स मीटिंग में कर्मचारियों से कह दिया गया है कि कंपनी का फोकस अब पूरी तरह से एआई पर होगा। एआई पर फोकस को लेकर खुद सुंदर पिचाई ने कहा है कि जब कंपनियां बड़े निवेश करती हैं,तो ज्यादा हायरिंग होती हैं लेकिन गूगल में ऐसा नहीं होगा। दरअसल एआई के इस दौर में गूगल कम कर्मचारियों से ज्यादा और तेज काम करवाना चाहता है। पिचाई ने इस मीटिंग में जानकारी दी है कि इस साल गूगल एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और



टेक्नोलॉ में लगभग 85 बिलियन डॉलर खर्च करेगी। हालांकि फिर भी नई भर्तियां बहुत सीमित होंगी।

### कर्मचारियों को मिल रही एआई ट्रेनिंग

सुंदर पिचाई ने इस मीटिंग में अपने कर्मचारियों से एआई को हाथों-हाथ सीखने के लिए कहा है। इसके लिए कंपनी ने एआई सेवी गूगल नाम का प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया है, जिसकी मदद से गूगल के इंजीनियर्स को एआई की ट्रेनिंग दी जा रही है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि गूगल के कर्मचारी अपनी रोजमर्रा की कोडिंग में एआई को शामिल करना सीखें। इसके लिए डीप माईंड के साथ मिलकर बिल्डिंग विथ जेमिनी नाम का एक कोर्स भी बनाया गया है ताकि इंजीनियर जेमिनी एआई का ठीक तरह से इस्तेमाल करना सीख सकें।

## 10 साल से फरार पंजाबी सिंगर बाज सरन को एनसीबी ने दबोचा



**नई दिल्ली ,07 अगस्त 2025(ए)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने पंजाबी गायक जगसीर सिंह, उर्फ काला उर्फ बाज सरन, को 36.150 किलोग्राम अफीम तस्करी के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है। 2016 से फरार चल रहे इस गायक को हरियाणा के सिरसा से पकड़ा गया। एनसीबी की चंडीगढ़ जोनल यूनिट ने यह कार्रवाई की, जिसके बाद बाज सरन को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संपादकीय

### 100 सीटों पर धांधली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि पिछले लोक सभा चुनाव में करीब 100 सीटों पर धांधली हुई और इनमें से 15 सीटों पर धांधली नहीं हुई होती तो नरेन्द्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री नहीं होते।कांग्रेस पार्टी के विधि,मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विधिक सम्मेलन में राहुल गांधी ने दोहराया कि कर्नाटक में एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में हेरफेर के जो सबूत मिले हैं,वे एटम बम की तरह हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में इस बात का सबूत दिया जाएगा कि कैसे लोक सभा चुनाव में धांधली हुई। लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष पिछले कुछ दिनों से चुनाव में धांधली के दावे और आरोप लगा कर चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। उनका तो यहां तक कहना है कि वह तो 2014 से ही चुनाव प्रणाली को संदेह की नजर से देखते रहे हैं। उन्हें बारंबार लगा है कि प्रचंड जीत (भाजपा की) हासिल करने की क्षमता आश्चर्यजनक है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में जो हुआ, उसने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने के लिए उन्हें मजबूर कर दिया है। तमाम आरोपों और संदेहों के बरक्स चुनाव आयोग ने ज्यादातर मौकों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। राहुल गांधी के ताजा दावे पर भी चुनाव आयोग की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। चुनाव आयोग की चुप्पी के चलते अब विपक्ष यह बताने और साबित करने पर आमादा है कि चुनाव में धांधली को कैसे अंजाम दिया जाता है। बेशक,चुनाव आयोग के लिए प्राय- दुविधापूर्ण स्थिति दरपेश रहती है। पराजित पक्ष चुनावी धांधली का आरोप लगाने से नहीं चूकता।ऐसे में चुनाव आयोग के लिए जरूरी हो जाता है कि तमाम संदेहों और आरोपों कर माकूल और संतोषजनक प्रतिक्रिया देते हुए स्थिति को साफ करे। उसके कार्यकलाप में कहीं से भी हड़बड़ी नहीं दिखनी चाहिए। न ही यह लगना चाहिए कि वह किसी प्रकार का पक्षपात कर रहा है।चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, और उसके लिए बहुत जरूरी है कि सख्ती से अपनी छवि को बनाए रखे। तभी वह चुनाव की शुचिता की अनिवार्यता को बनाए रख सकता है। जरूरी है कि चुनावी राजनीति में शिरकत करने वाले तमाम पक्षों के साथ बैठक करके उनके संदेहों का निराकरण करे। संदेहों (खासकर बेवजह के) की तो कतई कोई गुंजाइश रहने ही न पाए।

# भारत में लिव-इन रिलेशनशिप एक जटिल सामाजिक वास्तविकता बन गई है...



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब

भारत में लिव-इन रिलेशनशिप एक जटिल सामाजिक वास्तविकता बन गई है,जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पसंद का प्रतीक तो है, लेकिन इसके कानूनी दायरे,खासकर संपत्ति के अधिकारों को लेकर, अक्सर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। पारंपरिक विवाह के इतर इस रिश्ते में रहने वाले भागीदारों के लिए संपत्ति का अधिकार अक्सर एक अंधकारमय गलियारे जैसा होता है, जहां न्याय की राह आसान नहीं,क्योंकि सामाजिक मानदंडों में बदलाव और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर बढ़ते जोर के साथ, यह व्यवस्था अब महानगरों तक ही सीमित नहीं रही है,बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी इसका प्रचलन बढ़ रहा है। हालांकि, इस बढ़ती प्रवृत्ति के साथ कई कानूनी और सामाजिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले पार्टनर्स के संपत्ति के अधिकार का मुद्दा, जो एक ऐसा क्षेत्र है जहां स्पष्ट कानूनी ढांचे की कमी के कारण अक्सर जटिल समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

लिव-इन रिलेशनशिप में रिश्तों के टूटने पर संपत्ति के बंटवारे से जुड़ी कई चुनौतियां सामने आती हैं, जैसे कि संयुक्त संपत्ति का अभाव और वित्तीय योगदान साबित करने में मुश्किल। अक्सर पार्टनर संपत्ति अलग-अलग खरीदते हैं या एक कमाता है और दूसरा घर चलाता है, जिससे यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि कौन सी संपत्ति किसकी है। भावनात्मक और सामाजिक दबाव भी महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए लड़ने से रोकता है। उत्तराधिकार का मुद्दा भी एक बड़ी समस्या है,क्योंकि वसीयत न होने पर लिव-इन पार्टनर का संपत्ति में अधिकार जताना असंभव हो जाता है।



हमारे देश में लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर कोई स्पष्ट और व्यापक कानून मौजूद नहीं है, जिसके कारण ऐसे रिश्तों में संपत्ति के अधिकारों पर अक्सर अस्पष्टता बनी रहती है। यद्यपि सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न फैसलों में इसे 'विवाह जैसी प्रकृति का रिश्ता' माना है, खासकर घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत गुजारा भत्ता के मामलों में। फिर भी संपत्ति के बंटवारे या विरासत को लेकर कोई ठोस कानूनी दिशानिर्देश स्थापित नहीं किए गए हैं। भारतीय कानून पारंपरिक रूप से विवाह-आधारित संबंधों को मान्यता देता है, जहां पति-पत्नी के संपत्ति के अधिकार स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं। इस कानूनी अस्पष्टता का सीधा अर्थ यह है कि यदि एक लिव-इन पार्टनर की मृत्यु हो जाती है, या रिश्ता टूट जाता है, तो संयुक्त रूप से अर्जित संपत्ति के बंटवारे या विरासत को लेकर विवाद उठना तय है, जिससे अक्सर महिला साथी को खमियाजा भुगतना पड़ता है। वे अपनी कमाई या रिश्ते में किए गए योगदान का कानूनी प्रमाण पेश करने में कमजोर स्थिति में होती हैं। यह कानूनी लड़ाई लंबी और महंगी साबित होती है,जिसमें न्याय मिलना मुश्किल हो जाता है।

भारतीय न्यायपालिका ने विभिन्न फैसलों के माध्यम से लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले पार्टनर्स के अधिकारों, खासकर संपत्ति के संदर्भ में, को परिभाषित किया है। एस. खुशबू बनाम कन्नियाम्मल (2010) मामले ने लिव-इन रिलेशनशिप की कानूनी वैधता को स्थापित करते हुए इसे जीवन के अधिकार का हिस्सा माना। डी. वेलुसामी बनाम डी. पचईअम्मल (2010) में सर्वोच्च न्यायालय ने 'विवाह जैसे रिश्ते' की अवधारणा को उजागर किया, यह स्पष्ट करते हुए कि यदि लिव-इन पार्टनर ने किसी संपत्ति के अधिग्रहण में प्रत्यक्ष योगदान दिया है, तो उस पर उनका अधिकार हो सकता है, हालांकि स्वतः विरासत का अधिकार नहीं होता। इंद्र सरमा बनाम वी.के.वी. सरमा (2013) में, घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के तहत लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को भरण-पोषण का अधिकार दिया गया, जो वित्तीय सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। धन्नूलाल और अन्य बनाम गणेशराम और अन्य (2015) ने यह स्थापित किया कि यदि एक पुरुष और महिला लंबे समय तक पति-पत्नी की तरह साथ रहते हैं, तो उन्हें विवाहित माना जाएगा,जिससे महिला को लिव-इन पार्टनर की मृत्यु के बाद संपत्ति विरासत में पाने का अधिकार मिला। सबसे हालिया फैसला कट्टुकंडी इडाथिल कृष्णन तथा अन्य बनाम कट्टुकंडी इडाथिल वाल्सन और अन्य (2022) ने लिव-इन रिलेशनशिप से जन्मे बच्चों के संपत्ति अधिकारों को स्पष्ट करते हुए कहा कि ऐसे बच्चों को वैध माना जाएगा और उन्हें पैतृक संपत्ति में हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार होगा, बशर्ते संबंध 'लंबे समय तक' और 'आकस्मिक' प्रकृति का न हो। इन फैसलों ने मिलकर भारत में लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े अधिकारों, विशेषकर संपत्ति और वित्तीय सुरक्षा के पहलुओं को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निःसंदेह, समस्याओं से निपटने के लिए लिव-इन रिलेशनशिप के स्वैच्छिक पंजीकरण और भागीदारी समझौते 'पार्टनरशिप एग्रीमेंट' को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि संपत्ति और वित्तीय जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से परिभाषित हों। साथ ही, न्यायपालिका को भी स्पष्ट दिशानिर्देश बनाने चाहिए और लोगों को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए ताकि भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचा जा सके।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# भारत ने नहीं झुकाया सिर ट्रंप की धमकी को दिया आंकड़ों से करारा जवाब



अजय कुमार
लखनऊ,उत्तर प्रदेश

डोनाल्ड ट्रंप की भारत के प्रति बढ़ती चिढ़ और अमेरिका की दोहरी नीति ने वैश्विक मंच पर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत को बार-बार टैरिफ और जुर्माने की धमकियां दे रहे हैं, खासकर रूस से तेल और हथियारों के व्यापार को लेकर। लेकिन भारत ने न केवल इन धमकियों को नजरअंदाज किया, बल्कि अमेरिका और यूरोपीय संघ की दोहरी नीतियों को उजागर कर जवाबी रुख अपनाया है। भारत का स्पष्ट कहना है कि जब अमेरिका और यूरोप स्वयं रूस से भारी मात्रा में सामान आयात कर रहे हैं, तो भारत पर रूस के साथ व्यापार को लेकर उंगली उठाना अनुचित और अतार्किक है। यह स्थिति वैश्विक भूराजनीति में दोहरे मानदंडों को उजागर करती है, जहां अमेरिका भारत को दबाव में लाने की कोशिश कर रहा है,लेकिन खुद अपनी जरूरतों के लिए रूस से व्यापार जारी रखे हुए है।

ट्रंप की बयानबाजी में एक साफ विरोधाभास नजर आता है। एक तरफ वह भारत को महान मित्र और महान देश कहते हैं, दूसरी तरफ 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ और रूस से व्यापार के लिए जुर्माने की धमकी देते हैं। उनकी हताशा का कारण यह है कि भारत उनके दबाव में झुकने को तैयार नहीं है। ट्रंप को लगता है कि जिस भारत को कभी अमेरिका सड़ा हुआ गेहूं भेजता था, वह आज उनकी धमकियों का जवाब देना भी जरूरी नहीं समझता। उनकी चिढ़ का अंदाजा उनके बयानों से लगाया जा सकता है। कभी वह भारत की अर्थव्यवस्था को मृतप्राय कहते हैं, तो कभी पाकिस्तान के साथ तेल सौदों की बात कर भारत को अपमानित करने की कोशिश करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि पाकिस्तान के पास तेल है ही नहीं, और ट्रंप का यह बयान उनकी हताशा का प्रतीक है। वह भारत को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारत की रणनीतिक और आर्थिक ताकत के सामने उनकी एक नहीं चल रही।



भारत ने ट्रंप की धमकियों का जवाब न केवल कूटनीतिक रूप से दिया, बल्कि तथ्यों के साथ अमेरिका को आइना भी दिखाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर की जा रही आलोचना बेबुनियाद है। भारत ने बताया कि अमेरिका स्वयं रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, खाद, और रसायन जैसे सामान आयात करता है,जो उसकी परमाणु, इलेक्ट्रॉनिक वाहन, और कृषि उद्योगों के लिए जरूरी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार,जनवरी से मई 2025 तक अमेरिका ने रूस से 2.1 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो पिछले साल की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। इसमें पैलेडियम (37 प्रतिशत),यूरेनियम (28प्रतिशत),और उर्वरक (21प्रतिशत) का आयात प्रमुख है। यह आंकड़े साफ बताते हैं कि अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बावजूद रूस के साथ व्यापार जारी रखा है। 2021 में अमेरिका ने रूस से 17 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था, और 2024 में भी उसने उर्वरक (1.1 बिलियन डॉलर), पैलेडियम (878 मिलियन डॉलर), और यूरेनियम (624 मिलियन डॉलर) जैसे सामानों का आयात किया।

यूरोपीय संघ भी इस मामले में पीछे नहीं है। वह भारत को रूस से तेल आयात न करने की सलाह देता है, लेकिन स्वयं रूस से ईंधन, लोहा, स्टील, रसायन, और उर्वरक जैसे सामान आयात करता है। 2024 में यूरोपीय संघ ने रूस से 35.9 अरब यूरो का आयात किया, जिसमें 22.3 अरब यूरो का ईंधन प्रमुख था। यह राशि भारतीय रुपये में 3617 करोड़ से अधिक है। भारत का तर्क है कि जब अमेरिका और यूरोप अपनी जरूरतों के लिए रूस से व्यापार कर रहे हैं, तो भारत पर दबाव डालना दोहरा मापदंड है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रूस से 35-40 प्रतिशत तेल आयात करता है, जो आर्थिक रूप से फायदेमंद है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक ताकत ट्रंप की चिढ़ का प्रमुख कारण है। भारत ने न केवल रूस के साथ व्यापार जारी रखा, बल्कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जोर दिया, जो दोनों देशों के हितों को संतुलित करे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत जवाबी टैरिफ के बजाय बातचीत से समाधान चाहता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी स्पष्ट किया कि भारत ट्रंप के दबाव के बावजूद अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ के डीजी अजय सहाय के अनुसार, 25 प्रतिशत टैरिफ से भारत की जीडीपी पर 0.2-0.5 प्रतिशत का असर हो सकता है, लेकिन 6 प्रतिशत से अधिक की विकास दर इसे संभाल सकती है।

भारत वैकल्पिक बाजारों जैसे यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, और चीन की ओर भी रुख कर रहा है। चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने भारत से आयात बढ़ाने और व्यापार घाटा कम करने की बात कही, जो भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट और मेक इन अमेरिका नीतियां भारत के बिना पूरी तरह सफल नहीं हो सकतीं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार और विनिर्माण केंद्र है। अमेरिकी कंपनियां जैसे एपल, टेस्ला,और बोइंग भारत में निवेश और उत्पादन बढ़ा रही हैं। ट्रंप के प्रस्तावित 25त्न टैरिफ से भारत में बने उत्पाद महंगे होंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा। साथ ही, मेक इन अमेरिका की लागत बढ़ने से अमेरिकी उत्पाद वैश्विक बाजार में चीन से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। अमेरिका को यह भी डर है कि भारत यूरोप, चीन, और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे वैकल्पिक बाजारों की ओर रुख कर सकता है, जिससे उसका वैश्विक व्यापार में प्रभाव कम हो सकता है। अमेरिकी विशेषज्ञ भी भारत के साथ टैरिफ युद्ध को गलत मानते हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक तनाव वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुंचा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने भारत के साथ संतुलित और पारस्परिक लाभकारी व्यापार वार्ताओं की वकालत की। राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ लिसा कर्टिस ने चेतावनी दी कि भारत पर उच्च टैरिफ लगाना अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति को कमजोर करेगा और चीन को क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का मौका देगा। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स भी मानता है कि उच्च टैरिफ से अमेरिकी कंपनियां और उपभोक्ता प्रभावित होंगे। ट्रंप की धमकियों के बीच रैपिडान एनर्जी ग्रुप के चेयरमैन बॉब मैकनेली का बयान चर्चा में है। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत पर रूस से तेल आयात के लिए 25 प्रतिशत से लेकर 100त्न तक टैरिफ लगा सकते हैं। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत से रूसी तेल खरीदने की गुहार लगाई थी ताकि वैश्विक तेल की कीमतें नियंत्रित रहें। पूर्व अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी का एक वायरल वीडियो भी यही बात दोहराता है। गार्सेटी ने कहा कि भारत ने रूसी तेल इसलिए खरीदा क्योंकि अमेरिका चाहता था कि वह एक निश्चित मूल्य सीमा पर तेल खरीदे,जिससे वैश्विक बाजार में स्थिरता बनी रहे। भारत ने इस दोहरे रवैये को उजागर करते हुए साफ कर दिया है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों और रणनीतिक हितों से समझौता नहीं करेगा। भारत क्वाड का प्रमुख स्तंभ है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की रणनीति को मजबूती देता है। भारत-अमेरिका आईसीईटी पहल के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमी कंडक्टर,और रक्षा प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ रहा है। भारत की तकनीकी क्षमता और मानव संसाधन अमेरिका के लिए अपरिहार्य हैं। भारत ने अमेरिका के लिए कृषि और डेयरी बाजार पूरी तरह खोलने से भी इनकार किया है, क्योंकि यह 70 करोड़ किसानों के हितों से जुड़ा है। ट्रंप की बयानबाजी और धमकियां उनकी हताशा का प्रतीक हैं। वह भारत को नाराज नहीं करना चाहते, लेकिन साथ ही अपनी सामंती मानसिकता के कारण झुकना भी नहीं चाहते। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में नहीं आएगा और अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। आज की तारीख में भारत अमेरिका के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। ट्रंप की नीतियां और बयानबाजी अमेरिका के लिए ही नुकसानदेह साबित हो सकती हैं। भारत ने न केवल अपनी आर्थिक और रणनीतिक ताकत का परिचय दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर दोहरे मानदंडों को बेनकाब कर एक नया संदेश भी दिया है।

## कविता

### कविता मशीनीकरण..

घटती-घटना



केशी गुप्ता
द्वारका
नई दिल्ली

वक्त महंगा हो जाएगा इस कदर
किसे पता था बदलते वक्त के संग
मुलाकातें होंगी वर्चुअल वर्ल्ड में
आवाज़ सुनाई देगी केवल फोन पर
एहसास मर जाएंगे हर एक के
मॉडर्नाइजेशन की रफ्तार के संग
मतलब की केवल बातें होंगी
बिजी शब्द रहेगा हर दम मुंह पर
तन्हाइयों का आदि हो जायेगा मानव
एलेक्सा इत्यादि रहेंगे बस संग
मशीनों के साए में रहते रहते
खुद भी मशीन हो जायेगा मानव
शुरू हो गई रॉबर्ट की दुनियां
छूट गया अब कुदरत का संग
बिछा जाल माया का यूं
दिख रहा तांडव हर ओर

### कविता जीवन दर्शन ...

घटती-घटना



अनिल कौशिक
क्योड़क कैथल
हरियाणा

मील पत्थर राही संगी
भारत मां की लाट है।
रोशन तेज राहें सजीं
किलो पावर वाट है।
फास्ट फूड बर्गर पीज़ा
नाश्ता पकौड़ा चाट है।
कांटों भरी डगर कठिन
फूल निहारते बाट हैं।
माता-पिता गुरु सेवा
भाग्य लिखा ललाट है।
सोचें समझें कहें ज्ञानी
विजय वही अलाट है।
आस्था डूबे गंगा स्नान
मन चंगा कठौती घाट है।
राजा की तारीफ गाते
कवि चारण अरु भाट हैं।
सस्ती गैस मुफ्त राशन
गरीब योजना ग्रांट है।
वरिष्ठ नागरिक सम्मान
जीवन गर्वित विराट है।
न्याय कारी राज फले
राजा विक्रम सम्राट हैं।

# शरीर के आशौच दोषमार्जन की गवेषणा



आत्माराम यादव पीव
ग्वालटोली नर्मदापुरम
मध्यप्रदेश

हम सबके पास सुंदर काया है जिसे देह या शरीर नाम भी मिला है ओर हम सभी अपने आप में इस देह में न जाने कितनी ज्ञात अज्ञात बातें समेटे हुये इन बातों से अनभिज्ञ रहकर जीते है। देखा जाये तो जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक अवसर आते है जब हम इस देह को उसी समय स्मरण रखते है जब हम कोई विशेष उपलब्धि पाते है शेष समय हम ओर आप शरीर के साथ असंख्य संभावनाओं को लिए एक खुमारी में होते है जिसका हमे पता तक नहीं होता है। रसेंद्रियों के भोग और शारीरिक सौन्दर्य के योग में लगी यह देह पंच तत्व से निर्मित ओर पंच इंद्रियों के वशीभूत होकर जीने के अवसर देती भी है ओर जीवन के अवसर छीनकर नैराश्य में गिराती भी है। इन्द्रियाँ फिर उस देह को, उसके मन और हृदय को किसी बहुरुपदर्शक ,की मानिंद मोह माया के अनंत,सुन्दर समीकरणों और प्रस्तावो में उलझा देती है जिसमें शरीर के प्रति अशौच ओर उसके दोषमार्जन से बचाव कर उसकी सुचिता ओर शुभ्रता के अवसर खोकर उसके दुष्परिणामों से देह को बचाना मुश्किल होता है। देह के प्रति आसक्ति सभी को है किन्तु शौच ओर अशौच के प्रभाव से यह देह मुक्त नहीं होती,इसकी मुक्ति का एकमात्र उपाय हमारे ऋषि मुनियों के द्वारा धर्मसूत्रों में प्रतिपादित नियमों का पालन करना है ताकि अशौच के इन गंभीर दोषों को वैदिक पद्धति से निराकृत कर इस देह को पवित्र पावन रख अपना जीवन सभी प्रकार से आनंद ओर उल्लास से जी सके।

मनुष्य धर्म के साथ ही पैदा होता है, जीता है तथा उसके साथ ही मृत्यु को प्राप्त होता है। उसके बिना उसका जीवन अधूरा तथा संकटग्रस्त है। मनुष्यजीवन से यदि धर्म को पृथक कर दिया जाय तो मनुष्य में मनुष्यता ही नहीं बचेगी और उसका अन्य पशु आदि प्राणियों से भेद किस तरह किया जा सकेगा, यह उसके जन्म मृत्यु के अशौच संस्कारों से विचारणीय होगा। मनुष्य जब पैदा होता है उस समय अन्य प्राणियों की तरह प्राकृत व असंस्कृत स्थिति में ही पैदा होता है। फिर उस में संस्कार किये जाते हैं तब वह सुसंकृत बनता है। तभी वह मनुष्य ब्राह्मण, क्षत्रिय,वैश्य आदि कहलाने का वास्तविक अधिकारी बनता है। यह संस्कार ही धर्म है। संस्कारों को प्रत्येक मनुष्य जीना चाहता है। ऐसी स्थिति में कोई भी मनुष्य धर्मविमुख होने की इच्छा नहीं करता। फिर भी भारत ही नही अपितु तमाम देशों के विभिन्न धर्मावलम्बियों द्वारा अपने प्रभाव को शिखर पर बनाये रखने हेतु अपने स्वार्थ को धर्मानुकरण का मार्ग निरुपित कर लिया है तभी जनता धर्मविमुख होती जा रही है। यदि इसके कारण की गवेषणा की जाय तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि आजकल का मनुष्य समाज प्रत्येक बस्तु को विज्ञान व तर्क की कसौटी पर कस कर जानना चाहता है यदि उसे यह साधन उपलब्ध न हो तो उसकी धर्म ओर इन बातों के प्रति अश्रद्धा ओर विश्वास पैदा हो जाएगा। भगवान् श्रीकृष्ण युद्धक्षेत्र कुरुक्षेत्र में धर्मस्थापना हेतु अर्जुन को श्रीमदभागवत गीता का सन्देश देते है,जबकि देखा जाए तो उस समय



दुनिया के सभी परा-अपरा जगत की दिव्यतम शक्तिओं से संपन्न महानतम लोग थे, जो इसके पहले न हुए और आगे उनके होने की सम्भावना भी नही, इन सभी का युद्ध में मारा तय था तब गीता के दिव्य सन्देश किसके लिए,यह यक्ष प्रश्न भी था किन्तु दुनिया कभी थमती नहीं नित नूतन जन्मती मरती है। आज गीता का सन्देश सबके लिए आवश्यक है किन्तु लोग इससे विमुख हुए अज्ञानता में ही उसे जाने समझे बिना दुनिया से विदा हो जाते है। इस सन्देश के साथ वेद पुराणों में अंकित होने से पूर्व ही जब इस दुनिया की संरचना हुई तभी से प्रत्येक व्यक्ति में प्रधानतया शरीरात्मा, अन्तरात्मा,व विशुद्धात्मा इन तीन आत्माओं की सत्ता मानी गई है। इनको शरीर सत्व व चेतना तथा भूतात्मा, जीवात्मा क्षेत्रज्ञ भी कहते है। इन तीनों में विशुद्धात्मा सर्वथा विशुद्ध है, दोषरहित है,अतः उसके संस्कार की आवश्यकता नहीं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भी क्षेत्रज्ञ को सर्वथा विशुद्ध, क्षेत्र के धर्मों से असंशपुष्ट बतलाया है। शेष दो शरीर व सत्व दोषयुक्त है अतएव असंस्कृत है। अतः उनके संस्कार की उपेक्षा होती है। उनमें शरीर के दोषमार्जन व गुणाधान को प्रधान तथा आयुर्वेदशास्त्र बतलाया है। शरीर व सत्व के परस्पर संबंध होने एक के लिए संस्कार बतलाने वाला शास्त्र गौणतया दूसरे के भी संस्कारो का बोधन करता है। संस्कार के अन्तर्गत दोषमार्जन, गुणाधान ओर स्वत्वाधन ये तीन तत्व आते है । अतः सर्वप्रथम दोषमार्जन की आवश्यकता होती है। हर व्यक्ति में प्रज्ञा होती है पर वह प्रज्ञापराध के कारण आहार-विहार आदि के लिए प्रयुक्त द्रव्यों के हीन योग,मिथ्या योग व अतियोग से सत्त्व के भीतर जो अशुभरूप मल संचित होते हैं उन मलरूप दोषों को दूर करना ही दोषमार्जन है। दोषमार्जन ही शुद्धि संस्कार है। मल पांच प्रकार के हैं अतः उनकी शुद्धि भी पांच प्रकार की है। शारीरिक मलमूत्राक्षि की शुद्धि? पहला शैया,आसन,वसन, भोजन, पात्र आदि द्रव्यों की शुद्धि, दूसरा ङ्कसापिंडयादी संबंध के कारण एक दूसरे में संक्रान्त होने वाले जन्म मरण आदि नैमित्तिक अपवित्र एवं अपूर्वविशेष की शुद्धि, तीसरा-प्रज्ञाअपराध के कारण चारित्र्यदोष से पैदा होने वाले पाप की शुद्धि, चौथा रज व तमोगुण के अधिकता से दूषित भावों कि शुद्धि एवं पांचवा-प्रधानतया सत्व अर्थात अंतरात्मा की शुद्धि धर्मशास्त्र का लक्ष्य है। अंतरात्मा की शुद्धि बिना शरीर व प्राणादि अवयवों की शुद्धि नहीं होता है। आशौच मनुष्यों में रहने वाला मलिन अतिशय हैं जिससे कि पिण्डदान,उदकदान व अध्ययन आदि कर्मों में व्यक्ति का अधिकार नहीं रहता है। संसर्गी पुरुष में एक अतिशय पैदा होता है वह अतिशय योनिसम्बन्ध व विध्यासम्बन्ध वालों में अतिशय शीघ्रता से और विशेषरूप से पैदा होता है यह अतिशय ही अशौच कहलाता है। आशौच के चार भेद बताए है जिसमें अशौच के कारण जन्म आशोच ,मृत्यु आशौच,उत्तरक्रिया आशोच ओर दोष अशौच प्रमुख है। आशौच दो प्रकार से वस्तुसदा अशौच ओर वासनाशौच भी कहलाता है जिसमें अधिष्ठान भेद आश्रय भेद का आशौच तीन प्रकार का कहा गया है स्पर्शाशौच, कर्माश शोच ओर मंगला आशौच। शरीर मात्र का निषेध स्पर्शा आशौच कहलाता है जिसका आश्रय बाहरी शरीर है ओर जहां पर विहित वैदिक कर्मों का निषेध होता है वह कर्मा शौच होता है ओर आश्रय अंत शरीर अंदरूनी अंतकरण शरीर होता है ओर जिस आशौच में विवाह,उपनयन, कन्यादान आदि मांगलिक कार्यों का निषेध होता है वह मंगलाशौच कहलाता है जिसका आश्रय पुत्रादि का स्वत्वमात्र है।

जन्म ओर मृत्यु पर अशौच होता है । जन्म के समय पुत्रोत्पत्ति से पूर्व गर्भस्य पुत्र का एक नाडी द्वारा मातृगर्भ से सम्बन्ध रहने के बाद उत्पत्ति से पूर्व पुत्र का मातृशरीरस्थ शरीराग्निरूप चेतना से भी सम्बन्ध रखता है किन्तु उसके जन्म / उत्पत्ति के बाद नाडीछेदन कर के मातृचेतना का सम्बन्ध पुत्र से हटा दिया जाता है। इस तरह उत्पत्तिकाल में चेतना के अधिष्ठानभूत धातुपंच का चेतना घातु से पृथक होना ही आशौच है। यह अशौच साक्षात् संबन्ध से माता तथा पुत्र में रहता है, क्यों कि पुत्र के धातुपश्चक का मातृचेतना से तथा माता के धातुपश्चक पुत्रचेतना से वियोग होता है। किन्तु परम्परा संबंध से यह आशौच माता के तथा पुत्रके सम्बन्धियों में भी संक्रान्त होता है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

### बिजली बिल हाफ योजना को वापस लेने के प्रदेश सरकार के निर्णय के विरुद्ध

# जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने आज घड़ी चौक पर विष्णुदेव सरकार का पुतला किया दहन





-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।
बिजली बिल हाफ योजना को वापस लेने के प्रदेश सरकार के निर्णय के विरुद्ध जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने आज घड़ी चौक पर विष्णुदेव सरकार का पुतला दहन किया। 3 अगस्त को सरकार ने एक आदेश जारी कर बिजली बिल हाफ योजना को वापस ले लिया। इस योजना को वापस लेने से पहले प्रदेश सरकार ने 4 बार मे कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बिजली बिल में वृद्धि कर ही चुकी थी। इसके कारण बिजली उपभोक्ताओं पर प्रतिमाह 800 रुपए बिजली बिल बढ़ चुका है। बिजली बिल हाफ योजना से उपभोक्ताओं को करीब 1000 रुपए की बचत होती थी। इस योजना को वापस लेने से यह बचत भी समाप्त हो गई। गौरतलब है कि पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव के द्वारा बनाये गए घोषणा पत्र के आधार पर कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को लोक कल्याण के दृष्टिकोण से लागू किया था। इसके तहत 400 यूनिट तक कि बिजली खपत पर बिजली बिल हाफ योजना लागू थी। इस योजना को समाप्त करने के बाद प्रदेश की भाजपा यह अजीब तर्क दे रही है कि बिजली बिल में वृद्धि और बिजली बिल हाफ योजना को वापस लेना जनहित के कदम है। लेकिन यथार्थ बात यह है कि ऐसा करके भाजपा सरकार बिना कोई रोड मैप बनाये लोगों को प्रधानमंत्री सौर घर योजना थोपने का प्रयास कर रही है।

सरकार के इन्ही जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर आज विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा,सीमा सोनी,दुर्गेश गुप्ता,संध्या रवानी, लोकेश कुमार,विकल झा, गुरुप्रीत सिद्धू,आशीष जायसवाल,हिमांशु जायसवाल,प्रीति सिंह,शुभम जायसवाल, चंद्रप्रकाश सिंह,रजनीश सिंह,निकी खान, संजय सिंह,जीवन यादव,पप्पन सिन्हा,सतीश बारी,अविनाश कुमार,अंकित जायसवाल,जे कुजूर,नुजहत फातमा , संगीत मिंज,उर्मिला कुशवाहा,मोमिना खातून,रजनी महंत,अनिता सिन्हा,शकीला सिद्धकी,अनुराधा दास,अनुराधा सिंह, आतिफ राजा, सुरेंद्र गुप्ता,संजर नवाज,बाबू सोनी,प्रिंस विश्वकर्मा,सतीश यादव, आकाश यादव, अभिनव काशी आदि उपस्थित थे।



### विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण पर दिया गया विशेष जोर

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।
भारत सरकार की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब),अम्बिकापुर (शहरी) द्वारा सेक्टर-नमना कला, सियान सदन में विश्व स्तनपान सप्ताह-2025 पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सरगुजा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाना था, साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने हेतु स्तनपान, पोषण और संस्थागत प्रसव के विषय में जागरूक करना था। इस अवसर पर गर्भवती और शिशुवती माताओं को 6 माह तक के सतत स्तनपान और पहले पीले गाढ़े दूध (कोलेस्ट्रम) के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही रेडी टू ईट पोषण आहार, तिरंगा भोजन, स्थानीय साग-सब्जियों एवं फलों के सेवन से होने वाले पोषण लाभ पर प्रकाश डाला गया। माताओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रोत्साहित किया गया, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी विधिवत रूप से सम्पन्न किया गया। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना,छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना और महिला ऋण सहायता योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि 15 जुलाई से 15 अगस्त 2025 तक प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत विशेष पंजीकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत पहली संतान के लिए महिलाओं को 5000 की सहायता राशि (प्रथम किस्त 3000 गर्भावस्था के छह माह बाद एवं द्वितीय किस्त 2000 टीकाकरण उपरांत), तथा दूसरी संतान बालिका होने पर 6000 की एकमुश्त राशि प्रदान की जाती है। पंजीकरण के लिए महिलाओं को निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र या मितानीन कार्यकर्ता से संपर्क करने की सलाह दी गई। इस जागरूकता कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति श्रीमती प्रियंका गुप्ता,मिशन शक्ति की जिला समन्वयक श्रीमती नूतन सिन्हा, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती नीलमणि एक्का,वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ श्रीमती नेहा सिंह, पर्यवेक्षक श्रीमती एकता सिंह,वार्ड क्रमांक 12,14 एवं 48 के पार्षदगण,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा राजपात्रित पुलिस अधिकारियो समेत थाना/चौकी प्रभारियों की ली गई बैठक

- समीक्षा बैठक मे लम्बित अपराध,मर्ग,शिकायत,चालान की समीक्षा कर प्रकरणों के निराकरण हेतु दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश
- ई समंस ऐप के सम्बन्ध मे अधिकारियो/कर्मचारियों कों प्रशिक्षण देकर शत प्रतिशत समंस तमिली हेतु दिया गया दिशा निर्देश

**नए निगरानी,गुंडा बदमाशों एवं जिला बदर करने योग्य प्रकरणों मे कार्यवाही करने थाना/चौकी प्रभारियों कों किया गया निर्देशित**

**'अभियान मुस्कान'के तहत नाबालिग गुमशुदा नाबालिगो की दस्तयाबी करने मे अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों कों प्रशस्ती पत्र देकर किया गया प्रोत्साहित**

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे आज दिनांक कों पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष मे राजपत्रित पुलिस अधिकारियो समेत समस्त थाना/चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, समीक्षा बैठक मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा थानावार लंबित अपराध,चालान, शिकायत,मर्ग की जानकारी थाना/चौकी प्रभारियों से प्राप्त कर समीक्षा की गई साथ ही म्यूल अकाउंट एवं पीओएस के लाम्बित मामलो की भी समीक्षा करते हुए अपराधों के त्वरित निराकरण करने के दिशा निर्देश दिए गए, विवेचको कों प्रकरण कों अनावश्यक लंबित ना रखने की सख्त समझाईस दी गई।



समीक्षा बैठक मे ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के सम्बन्ध मे की गई कार्यवाही की थानावार समीक्षा की गई, समस्त प्रभारियों को लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही सख्ती से किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए, बैठक के दौरान थाना/चपकि प्रभारियों कों ई समंस की तामिली अदम तामिली की जानकारी हर हाल में पोर्टल के माध्यम से समय पर भेजने हेतु निर्देशित किया गया,साथ ही कार्यशाला में उपस्थित कर्मचारियों को ई समंस ऐप्स को अपलोड करने निर्देशित किया गया, साथ ही ई-समंस की तामिली प्रकिया में आ रही समस्याओं से अवगत होकर समस्याओ के त्वरित निराकरण करने की हिदायद दी गई। थाना/चौकी प्रभारियों कों नए निगरानी,गुंडा बदमाशों एवं जिला बदर खोलने योग्य प्रकरणों मे कार्यवाही कर नए निगरानी,गुंडा एवं जिला बदर की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक के दौरानअभियान मुस्कान के तहत नाबालिग गुमशुदा बालक बालिकाओं की दस्तयाबी करने मे अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले 21 पुलिस अधिकारी कर्मचारी कों प्रशस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया, साथ ही भविष्य मे भी इसी तरह बेहतर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लों, नगर पुलिस अधीक्षक श्री राहुल बंसल (भा.पु.से.),अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर श्री राजेंद्र मंडावी, उप पुलिस अधीक्षक कुमारी चंद्राकर, स्टेनो निरीक्षक (एम) फबियानुस तिर्की, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, रीडर सहायक उप निरीक्षक अमित पाण्डेय एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# आकांक्षी विकासखण्ड लखनपुर में उद्यमिता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।
आकांक्षी विकासखण्ड लखनपुर के जनपद पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पी एम एफ एम ई),प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, औद्योगिक विकास नीति 2024-30, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित आमजनों, समूह




की महिलाओं,बैंक सखी को योजनाओं के सम्बन्ध में बताया गया। इस दौरान लखपति दीदी बनने एवं स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु विभाग से प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में योजनाओं से सम्बंधित पॉमप्लेट/ब्रोसर भी वितरित किए गए। शिविर में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री अंकुर गुप्ता, जनपद पंचायत लखनपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. स्वेच्छा सिंह,एबीएफ शुभिता शुक्ला एवं बीपीएम श्री मनोज किस्पोट्टा सहित आमजन उपस्थित रहे।

## प्रीति सिंह पैकरा बनाई गई सरगुजा जिला महिला सेवादल शहर की अध्यक्ष

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।



संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस वर्ष 2025 में अपनी संगठनात्मक ताकत को मजबूत करने में लगी है। इस सिलसिले में कांग्रेस सेवादल ने छत्तीसगढ़ राज्य में महिला सेवादल में नियुक्तियां की है। इसके तहत श्रीमती प्रीति सिंह पैकरा की नियुक्ति सरगुजा जिला महिला सेवादल शहर की अध्यक्ष पद पर किया है। लंबे समय से यह पद रिक्त था। संगठन में अपनी बेहद सक्रिय गतिविधियों के फलस्वरूप पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिहदेव और कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक की अनुशंसा पर उनकी नियुक्ति हुई है। कंवर समुदाय से आने वाली श्रीमती प्रीति सिंह पैकरा विगत विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान बूथ पर कार्य करने के साथ चुनाव वार रूम में भी सक्रिय रही। महिला कांग्रेस में सक्रिय होते हुए उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किया। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हैं।

## डबरी में डूबने से वृद्ध दंपति की मौत



-संवाददाता-
लखनपुर,07 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।
लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कटिंदा आमाचूआ डबरी में डूबने से वृद्ध दंपति की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 7 अगस्त दिन गुरुवार की सुबह लगभग 8 बजे करीमन पण्डो पिता स्वर्गीय माझी राम पण्डो उम्र 65 वर्ष अपनी पत्नी केंदी पण्डो पति करीमन पंडो उम्र 62 वर्ष ग्राम बेलदगी घुईभवना निवासी के साथ कटिंदा आमाचूआ डाबरी में नहाने गए हुए थे। काफी देर तक घर वापस नहीं आने पर मृतक का लड़का करमसाय पण्डो अपनी पत्नी के साथ डाबरी की तरफ देखने गया तो देखा दोनों का शव पानी में तैर रहा है और कपड़ा डबरी के पास रखा हुआ है। घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया गया है। घटना के बाद से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है इधर पुलिस मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

# लापरवाह स्कॉर्पियो चालक ने बाइक को मारी ठोकर सहायक उप निरीक्षक की पत्नी की दर्दनाक मौत

### बाइक चालक को आई मामूली चोट,पुलिस जांच में जुटी,तेज रफ्तार से चला रहे लापरवाह स्कॉर्पियो चालक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारकर आरोपी वाहन चालक हो गया फरार

-संवाददाता-
पस्ता,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।
बलरामपुर जिले के पास्ता थाना क्षेत्र अंतर्गत डौरा चौकी के ग्राम कोदौरा मेन रोड पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में सहायक उप निरीक्षक की पत्नी की मौत हो गई। तेज रफ्तार चला रहे लापरवाह स्कॉर्पियो चालक ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी,जिससे बाइक में बैठी महिला की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। इलाज के लिए अस्पताल में आ गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई,जबकि बाइक चालक को मामूली चोटें आई हैं। डौरा चौकी प्रभारी विजय कुमार दुबे ने बताया कि रनहत थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जहूर साय की पत्नी सोनमती कच्छप (40 वर्ष) बुधवार को अपने एक परिचित के साथ बाइक में सवार होकर डुमरखोला से प्रतापपुर जा रही थीं। दोपहर करीब 12 बजे ग्राम कोदौरा के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार काले रंग की स्कॉर्पियो(सीजी 30 एच 5469) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सोनमती कच्छप को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक चला रहे व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्कॉर्पियो वाहन का नंबर प्लेट टूट कर



सड़क पर ही गिर गया,वाहन नंबर के आधार पर पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश में जुट गई है इस घटना के बाद पूरे परिवार और पुलिस विभाग में शोक की लहर है।

**वैकल्पिक के रास्ते से जाने पर हो रहे हैं ऐसे हादसे :** सड़क की बदहाल स्थिति के कारण वाहन चालक वैकल्पिक रास्तों से गंतव्य तक जाने को हो रहे हैं मजबूर. इसलिए इस तरह के हादसों के शिकार, एनएच 343 खराब होने से राहगीर कर रहे वैकल्पिक रास्ते का चयन बलरामपुर जिले से होकर गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 343 आज अपने अस्तित्व के संकट से गुजर रहा है। अंबिकापुर से पस्ता तक का सफर करना अब सड़क पर नहीं, गड्ढों में सड़क ढूंढकर चावल को को जानकी बाजी लगा कर हमसे वाना पर रहा है। वाहन चालक खुद यह कहते नजर आ रहे हैं कि अब सड़क में गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ रही है।एनएच विभाग के द्वारा गुणवत्ता और दीर्घकालिक मरम्मत की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। जिसका खामियाजा अब आमजनता भुगत रही है जिसके कारण टू व्हीलर फोर व्हीलर एवं बड़ी वाहनों कर वैकल्पिक रास्ते ढूंढकर जाना पड़ता है। यह बताना लाजमी होगा कि गागर और गेउर नदी की दोनों पुलियों की हालत अत्यंत चिंताजनक है। ना सिर्फ इनके ऊपर गड्ढे गहरे हो चुके हैं,बल्कि रेलिंग टूट चुकी है और ढलाई का सरिया ऊपर दिख रहा है। जिससे यहां से गुजरना अब किसी जानकी बाजी लगा कर सफर करने से कम नहीं। पल पल बारिश, धूल और अंधेरे में हादसे का खतरा और अधिक बढ़ गया है।

### सड़क की बदहाल स्थिति के कारण वैकल्पिक रास्ते पे मजबूर है...

सड़क की बदतर स्थिति को देखते हुए राहगीर अब बलरामपुर पहुंचने के लिए प्रतापपुर-सेमरसोत मार्ग का उपयोग कर रहे हैं, जो अपेक्षाकृत बेहतर है। लेकिन इस वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार अब दुर्घटनाओं की वजह बन रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की मांग की है।क्षेत्रवासी और वाहन चालकों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क और पुलों की मरम्मत नहीं की गई, तो यह मार्ग पूरी तरह से अवरोधक बन जाएगा और हादसों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है।

## विद्या ज्योति मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल संसद मंत्री मंडल का शपथ ग्रहण हुआ संपन्न

-संवाददाता-
लखनपुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।
सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के जुनाडीह स्थित विद्या ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न वर्ग में चुनाव संपन्न होने के बाद बाल संसद मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 7 अगस्त दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे किया गया था।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिस्टर ट्रीजा जोश,विशिष्ट अतिथि सिस्टर अनारीटा वर्गीश, प्राचार्य जयंती बड़ा,प्रधान पाठक फादर एलियस बेक सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। छात्राओं ने अतिथियों के माथे में तिलक और बैच लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने दीप जलाकर बाल संसद मंत्री मंडल शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साला प्रधानमंत्री अभिषेक कुजूरू शाला उप प्रधानमंत्री रितेश लकड़ा, अनुशासन मंत्री जयंती केरकेट्टा शाला उपअनुशासन मंत्री वसुंधरा किस्पोट्टा, शिक्षा मंत्री रितेश यादव,उप शिक्षा मंत्री विभूति मिंज, खेल मंत्री विकास तिग्गा,उप खेलमंत्री काजल लकड़ा,सफाई मंत्री रेणुका केरकेट्टा, उप सफाई मंत्री यांत्रिका सिंह ,स्वास्थ्य मंत्री अनिता पण्डो ,उप स्वास्थ्य मंत्री सरिता एक्का, सांस्कृतिक मंत्री जसी मिंज, उप सांस्कृतिक मंत्री अर्पणा मिंज, शाला नायक और नायिका को शपथ दिलाया गया। अतिथियों ने मंत्रिमंडल के प्रधानमंत्री और मंत्रियों को पट्टा पहना बैच लगाकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जनदर्शन एवं समय-सीमा बैठक के समय में आंशिक संशोधन,नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।
जिले में प्रत्येक सप्ताह आयोजित की जाने वाली समय-सीमा बैठक एवं जनदर्शन कार्यक्रम की पूर्व निर्धारित समय-सारणी में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार अब जनदर्शन कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11:00 बजे से एवं समय-सीमा की बैठक प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित की जाएगी। पूर्व में जनदर्शन दोपहर 12:00 बजे एवं समय-सीमा की बैठक सोमवार प्रातः 10:00 बजे आयोजित की जाती थी, जिसे अब नवीन रूप से संशोधित करते हुए यह व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने सभी जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी,अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तथा तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे संशोधित समय अनुसार जनदर्शन एवं समय-सीमा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता की शिकायतों एवं विभागीय कार्यों का त्वरित समाधान किया जा सके।

## आवश्यकता है

दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने हेतु निम्न पदों के लिए योग्य कर्मठ,जुझारू,महिला/पुरूष की आवश्यकता है।

| स.क्र. | पद | संख्या | वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | सह संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 02 | समाचार संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 03 | प्रबंध संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 04 | विज्ञापन प्रभारी | 2 पद | 10,000 से 15,000 |
| 05 | ब्यूरो चीफ | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 06 | संवाददाता | 2 पद | 8000 से 12,000 |

नोटः- आवेदक फोन पर संपर्क ना करें। स्वयं बायोडाटा के के साथ कार्यालय में संपर्क करें।

पता :- कार्यालय दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना
शनि मंदिर के पास,नमनाकला,अम्बिकापुर
छत्तीसगढ़, मो0नं0 - 98265-32611

## सूडान ने आरएसएफ के कब्जे वाले दाराफुर एयरपोर्ट पर बरसाए बम,40 सैनिक ढेर



**नई दिल्ली,07 अगस्त 2025।** सूडान की सेना ने सात अगस्त को दारफुर के न्याला एयरपोर्ट पर बड़ा हवाई हमला किया। यह एयरपोर्ट पैरामिलिट्री ग्रुप रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के कब्जे में था। इस हमले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा भेजे गए एक सैन्य विमान को नष्ट कर दिया गया और 40 कोलंबियाई भाड़े के सैनिकों की मौत हो गई। सेना का दावा है कि यह हथियारों की एक बड़ी खेप को खत्म करने और विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ स्पष्ट संदेश था। स्थानीय टीवी चैनल के मुताबिक, जिस विमान को निशाना बनाया गया वह खाड़ी क्षेत्र के एक सैन्य अड्डे से उड़ान भरकर न्याला पहुंचा था। जैसे ही विमान ने लैंड किया, उस पर लड़ाकू विमानों ने हमला कर दिया। इस कार्रवाई को सूडानी सरकार ने नए प्रतिरोध समीकरण की शुरुआत बताया। हालांकि, यूएईऔर आरएसएफ दोनों की ओर से इस हमले को लेकर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। आरएसएफ ने पिछले साल न्याला शहर पर कब्जा कर लिया था और वहां के नागरिक एयरपोर्ट को सैन्य अड्डे में तब्दील कर दिया। यहां से हथियारों की सप्लाई और सोने की तस्करी की जा रही थी। सूडानी सेना कई बार इस एयरपोर्ट को निशाना बना चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार,कोलंबियाई भाड़े के सैनिक आरएसएफ के लिए निजी सुरक्षा कंपनी द्वारा भर्ती किए गए थे। कोलंबियाई राष्ट्रपति ने इस पर जांच के आदेश भी दे दिए हैं।

# भारत टैरिफ महाराजा,वे अमेरिकी सामानों पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगा रहे:ट्रम्प सलाहकार पीटर नवारो

**वॉशिंगटन डीसी,07 अगस्त 2025 ।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले का बचाव किया। उन्होंने भारत को टैरिफ का महाराजा करार देते हुए कहा कि भारत अमेरिकी सामानों पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ और नॉन-टैरिफ बाधाएं लगाता है, जिससे अमेरिकी प्रोडक्ट्स को भारतीय मार्केट में एंट्री करने में मुश्किल होती है। वहीं,ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लागू करने को लेकर पूछे गए सवाल पर यह जवाब दिया। ट्रम्प से पूछा गया था कि अमेरिका ने भारत पर ही क्यों सख्ती की, जबकि चीन जैसे और देश भी रूस से तेल खरीद रहे हैं।

भारत पर अब कुल अमेरिकी टैरिफ 50% हो गया है। ट्रम्प ने बुधवार को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर 25% टैरिफ बढ़ा दिया। बढ़ा हुआ टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। आज से भारत पर 25% टैरिफ लागू हो गया है। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है।



### नवारो बोले- खुद को नुकसान पहुंचाने वाला कदम नहीं उठाएंगे

नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा- भारत अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने के लिए करता है। फिर रूस उन डॉलर का इस्तेमाल हथियार बनाने में करता है, जिनसे यूक्रेन में लोग मारे जा रहे हैं। इसके बाद अमेरिकी टैक्सपेयर्स को यूक्रेन की रक्षा के लिए हथियारों पर खर्च करना पड़ता है। यह गणित ठीक नहीं है। चीन पर समान कार्रवाई न करने के सवाल पर नवारो ने कहा कि चीन पर पहले से ही 50% से ज्यादा टैरिफ हैं। हम ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहते जिससे हमें नुकसान हो।

**मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा :** अमेरिका ने हाल ही में भारत के रूस से किए जा रहे तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने पहले ही साफ कर दिया है कि हम बाजार की स्थिति के आधार पर तेल खरीदते हैं और इसका मकसद 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगा रहा है, जबकि कई और देश भी अपने हित में यही काम कर रहे हैं। हम दोहराते हैं कि ये कदम अनुचित, नाजायज और गलत हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

**क्या हैं सेकेंडरी सैंक्शंस :** ये वो प्रतिबंध होते हैं जो किसी देश पर सीधे नहीं, बल्कि किसी तीसरे देश से उसके व्यापारिक रिश्तों के चलते लगाए जाते हैं। यानी अमेरिका सीधे भारत को टारगेट न करके, उन कंपनियों और बैंकों पर सख्ती कर सकता है जो रूस से तेल खरीद में शामिल हैं। भारत ने रूस-यूक्रेन जंग के बावजूद रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना जारी रखा है। अमेरिका लंबे समय से भारत पर इस फैसले को लेकर दबाव बना रहा है। हालांकि भारत हमेशा कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा जरूरतें उसके राष्ट्रीय हित से जुड़ी हैं।

### ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है...

भारत सरकार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है,या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है। इससे पहले मार्च 2022 में अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमेरिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी, वे छूट अब भी जारी रहेंगी। इन सामानों में सेमी-कंडक्टर्स,स्मार्टफोन,कंप्यूटर,फार्मास्युटिकल्स,ऑटोमोटिव पार्ट्स,तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं।

# अभियान मुस्कान के तहत नाबालिगो की दस्तयाबी करने मे सक्रिय पुलिस अधिकारी कर्मचारियों कों प्रशस्ति पत्र देकर किया गया प्रोत्साहित

- डायल 112 की आपातकालीन सेवाओं मे पदस्थ पुलिस कर्मचारियों सहित चालकों कों भी प्रशस्ति पत्र किया गया प्रदान
- कार्यक्रम के दौरान कुल 21 पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों कों प्रशस्ति पत्र किया गया प्रदान

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के दिशा निर्देशन मे गुम बालक बालिकाओं की तलाश के लिए आपरेशन मुस्कान चलाने के निर्देश मिले थे। इसके तहत सरगुजा जिले में अभियान चलाकर गुम बालक और बालिकाओं की तलाश शुरु की गई। 01 जुलाई से 31 जुलाई के बीच अभियान चलाकर बालक/बालिकाओं की तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम को महाराष्ट्र,तमिलनाडु, झारखण्ड जैसे राज्यों में रवाना किया गया। इसके साथ ही प्रदेश के अलग-अलग जिलों में टीम रवाना किया गया। अभियान के दौरान कुल 28 नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश कर उन्हें स्वजन से मिलाया गया।

इससे पहले जून महीने में आपरेशन तलाश के दौरान जिले में 129 गुमशुदा महिलाओं और पुरुषों की तलाश कर स्वजन से मिलाया गया। दो महीने के दौरान जिले की पुलिस ने कई गुमशुदा लोगों को अपने घर पहुंचाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने आपरेशन मुस्कानएवं ऑपरेशन तलाशके दौरान गुमशुदा की तलाश मे अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर दस्तायाबी करने वाले पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों कों पुलिस



अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष मे प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया, इस दौरान पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों कों भविष्य मे भी इसी तरह बेहतर कार्य करने के दिशा निर्देश दिए गए।

**अभियान मुस्कानके तहत प्रशस्ति पत्र से प्रोत्साहित किये गए अधिकारी/ कर्मचारी के नाम :** थाना गांधीनगर से सहायक उप निरीक्षक ललन गुप्ता, महिला प्रधान आरक्षक अन्जू भगत, थाना कोतवाली से महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव,थाना मणीपुर से प्र.आर. मालती तिवारी,आर. सत्येन्द्र दुबे, आरक्षक उमाशंकर साहू,चौकी रघुनाथपुर से प्र.आर. दीनानाथ भारती,आर. बहादूर एक्का, थाना सीतापुर से प्र.आर. नीरज पाण्डेय, थाना उदयपुर से प्र.आर. चंद्रप्रकाश टंडन, आरक्षक रविन्द्र साहू,पुलिस चौकी होलीक्रॉस हॉस्पिटल अंबिकापुर से प्रधान आरक्षक महेश कुमार,थाना बतौली से आरक्षक राजेश खलखो,भगलू राम पैकरा,थाना लुन्ड्रा से प्रधान आरक्षक जितेन्द्र भगत,आरक्षक संजय केरकेट्टा,थाना कमलेश्वरपुर से प्र.आर. अखिलेश्वर भगत,थाना लखनपुर से प्र.आर. रवि सिंह,आरक्षक विजय पैकरा, चौकी केदमा से आरक्षक मुनेश्वर राम, चौकी केरजू से आरक्षक महेन्द्र कुमार कों प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

डायल 112 मे उत्कृष्ट कार्य कर आपतकालीन सेवाओं कों प्रभावी बनाये रखने के क्रम मे थाना कोतवाली अंबिकापुर के आरक्षक सुशील खेस, थाना दरिमा से आरक्षक राजपाल राजवाड़े,थाना लुन्ड्रा से आरक्षक सतीश कुमार चौहान, थाना गांधीनगर से आरक्षक हरिनाम सिंह, आरक्षक अनिल कुमार राजवाड़े,थाना कमलेश्वरपुर से आरक्षक रामु मिंज,चालक डायल 112 थाना गांधीनगर कृष्णा कुमार साहू कों प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

# विधायक राजेश अग्रवाल ने स्कूली छात्राओं को कपड़ा का किया वितरण



-संवाददाता-
लखनपुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों के बीच पहुंच रहे और उनसे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन निराकरण भी कर रहे है। अब विधायक राजेश अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में स्कूली छात्राओं को निःशुल्क वस्त्र का वितरण कर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर रहे। 7 अगस्त दिन गुरुवार को अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर विकासखंड के ग्राम निम्हा स्वामी आत्मानंद विद्यालय, रजपुरीकला कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मुटकी, खैरबार मेंड्राकला शासकीय स्कूलों में अध्यनरत छात्राओं को विधायक राजेश अग्रवाल ने स्वयं से निशुल्क वस्त्र का वितरण किया है। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में भी विधायक स्वयं से 11वीं 12वीं की छात्राओं को पानी बोतल का वितरण करते हुए शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रतिदिन स्कूल आकर बेहतर शिक्षा ग्रहण कर अपने माता-पिता गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही है।यही नहीं कई वर्षों से विधायक राजेश अग्रवाल के द्वारा और उनके परिवार जनों द्वारा ठंड और बरसात के मौसम में अंबिकापुर ग्रामीण लखनपुर और उदयपुर विकासखंड के पहुंच विहीन ग्रामों में जाकर कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता रहा है। निशुल्क वस्त्र वितरण करने के दौरान नीरज अग्रवाल राकेश अग्रवाल अविनाश अग्रवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह सेंगर,महामंत्री संजय राजवाड़े,सोनू तिग्गा,सागर विश्वकर्मा, पहल राम राजवाड़े, डोमन राम राजवाड़े, दिगंबर यादव,रवि गुप्ता,उदय दास बघेल, श्यामा शंकर ठाकुर,बढ़हा राम,अन्य भाजपा कार्यकर्ता व स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# बने खाबो-बने रहिबो अभियान के तहत रेस्टोरेंट,मिष्ठान्न दुकान, स्ट्रीट फूड वेंडर्स,डेयरी दुकानों की हुई जांच

### खाद्य सामग्रियों के नमूने जांच हेतु भेजे गए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

राज्य शासन एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य जनित बीमारियों, संक्रमण की रोकथाम एवं जन-सामान्य को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य विभाग द्वारा जिले में 04 अगस्त से 06 अगस्त तक बने खाबो- बने रहिबो अभियान चलाया गया। अभियान के तहत व्यापक तौर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा स्ट्रीट फूड वेन्डर्स एवं खाद्य बनाकर परोसने



वाले संस्थानों/रेस्टोरेटों एवं मिठाई दुकानों का सघन जांच किया गया। जांच के दौरान विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाई, जलेबी, लड्डू, खोवा, बर्फी इत्यादि खाद्य पदार्थों के कुल 36 नमूने जांच हेतु लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला,कालीबाड़ी,रायपुर भेजा गया। इस दौरान आमजनों एवं खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ, मिलावटी खोवा,पनीर,कुंदा आदि के नमूने जांच हेतु लिए गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। अभियान के तहत जिले में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 58 नमूने एकत्र कर जांच किए गए। इस दौरान स्ट्रीट फूड वेन्डर्स/हैण्डलर/खाद्य सेवा प्रदायकर्ताओं को विशेषकर वर्षा ऋतु के दौरान खाद्य पदार्थों के सुरक्षित हैंडलिंग, खाद्य पदार्थ की स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता,ताजे एवं स्वच्छ भोजन लोगों को परोसे जाने निर्देशित किया गया।

# हाफ बिजली बिल योजना को बंद करने को लेकर कांग्रेस ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

### कांग्रेस का आरोप...जनता पर अत्याचार,उद्योगपतियों को पहुँचाया फायदा फायद

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने के सरकार के फैसले ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। कांग्रेस ने इसे आम जनता के खिलाफ अन्याय बताते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला है। अंबिकापुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने इस फैसले को जनविरोधी और उद्योगपति हितैषी करार देते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। कांग्रेस शासन में शुरू की गई लोकप्रिय हाफ बिजली बिल योजना को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ने पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसके विरोध में कांग्रेस नेताओं ने अंबिकापुर स्थित राजीव भवन में प्रेस वार्ता कर राज्य



सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार सोशल मीडिया पर सब्सिडी के आंकड़े दिखाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई सब्सिडी उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने और बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी के फैसले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में बिजली के रेट तो बढ़ा दिए गए, लेकिन आज तक कोई बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शुरू नहीं हुआ है। सरगुजा जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने इस निर्णय को विद्युत उपभोक्ताओं पर अत्याचार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सरप्लस बिजली उत्पादन के बावजूद बिजली विभाग घाटे में है, जो कि सरकार के अकुशल प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने कहा, स्मार्ट मीटर के नाम पर घर-घर निगरानी और वसूली की तैयारी चल रही है। सरकार अडानी के फायदे के लिए काम कर रही है। कांग्रेस नेता राकेश गुप्ता ने सरकार के उस दावे को खारिज किया जिसमें कहा गया था कि 80 प्रतिशत उपभोक्ताओं पर असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने इसे पूरी तरह भ्रामक और झूठा बताया। जेपी श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि बिजली दर बढ़ाना जनहित में है - यह कथन आठवें आश्चर्य के रूप में दर्ज होना चाहिए। उन्होंने सरकार पर निजीकरण की ओर बढ़ने और उद्योगपतियों के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, जब पहले ही 80 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली महंगी की जा चुकी थी, तो हाफ बिजली बिल योजना को हटाने की क्या जरूरत थी? उन्होंने सरकार को शिक्षा, कृषि, सुरक्षा और आधारभूत सेवाओं में विफल बताते हुए कहा कि यह सरकार आम लोगों की नहीं,पूंजीपतियों की है।

# प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करनेके लिए उतारा बुल्डोजर

- कार्यवाही कर अतिक्रमण कारियो को दी सख्त चेतावनी
- सार्वजनिक नाली से हटाया गया अतिक्रमण

-संवाददाता-
बलरामपुर,7 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।



कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशानुसार जिले में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं आम नागरिकों को सुगम मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी के श्री आनंद राम नेताम एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री प्रणव राय के नेतृत्व में बलरामपुर मुख्यालय चांदो चौक में सार्वजनिक नाली पर बुल्डोजर उतारकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। सार्वजनिक नाली पर भवन मालिकों ने अपने सुविधा अनुसार कब्जा कर मुख्य मार्ग को संकरा बना दिया गया था। जिस पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान संबंधितों को अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई कि कोई पुनः अतिक्रमण करता है तो उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध अतिक्रमण से आम नागरिकों के दैनिक आवागमन को कठिन बना दिया था। विशेषकर स्कूली बच्चों,बुजुर्गों,महिलाओं और दिव्यागजनों को चलने में भारी कठिनाईयों का समाना करना पड़ता था।

# राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ी होंगे शामिल

### पहली सीनियर फास्ट फाइव स्टेट चैंपियनशिप (महिला/पुरुष) जांजगीर-चांपा 2025 में सरगुजा से 19 खिलाड़ी लेंगे भाग

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

पहली सीनियर फास्ट फाइव नेटबॉल स्टेट चैंपियनशिप (महिला/पुरुष) 2025 जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित किया जा रहा है जिसमें सरगुजा नेटबॉल के महिला/पुरुष खिलाड़ी शामिल होंगे। सरगुजा से पुरुष वर्ग में आयुष कुमार सिंह,ओम प्रकाश यादव,अमन ठाकुर, ऋतिक राज गुप्ता, कार्तिकेय कुमार सिंह, सर्वेश दुबे, आयुष्मान यादव एवं महिला वर्ग में खुशबू गुप्ता,दिव्यांशी सिंह, नंदिनी,सृष्टि,संजना मिंज, सिमरन भगत, नैन्सी बिंद,रुद्राक्षी जैन,प्रतिक्षा गुप्ता, रजनीकांत,आयुषी,तान्या शामिल है।

राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया सरगुजा नेटबॉल के खिलाड़ी लगातार जिले व राज्य का नाम रोशन कर रहे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सरगुजा जिले से कुल 19 खिलाड़ी शामिल हो रहे। संघ के द्वारा



छत्तीसगढ़ युवा अयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर से सरगुजा जिला में लोकप्रियता देखते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन करने का मंगा किया गया है। इस अवसर पर निशांत सिंह गोल्डी,संघ के सचिव रजत सिंह,सुनैना जायसवाल, आबिद हुसैन ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया।



# तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं,राष्ट्रभक्ति, एकता और संगठन का प्रतीक हैः रामकिशुन सिंह




### कार्यक्रम में ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, गीता राजवाड़े, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हितेश सिंह, सह प्रभारी गणेश यादव, वर्षा साहू, सोशल मीडिया प्रभारी जगनारायण साहू, राकेश गुप्ता, भानू पाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, सुभाष साहू, लक्ष्मण राजवाड़े, नरेश्वर रजक, जनपद सदस्य रंजीत मंडल, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष रामखलन यादव, महामंत्री सचिदानंद द्विवेदी, सत्यम साहू, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, सचिन मलिक, मंडल अध्यक्ष संजय चिकनजूरी महामंत्री सुशीला यादव, भरत यादव, मंडल अध्यक्ष किशोर सिरदार, महामंत्री दिनेश साहू, सुरेश सिरदार, मंडल अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े, महामंत्री रिता यादव, मनोज साहू, संगीता गुप्ता, सतेन्द्र राजवाड़े, प्रखर गुप्ता,रमेश तिवारी,सुनील सिंह, ज्योति देवांगन, रेखा वर्मा सहित पार्टी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

### यात्रा केवल एक आयोजन नहीं,बल्कि देशभक्ति की भावना है...भईयालाल

विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि,तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व भारत आत्मनिर्भर बन रहा है।

### अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ता निभाएंगे

जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि,जिला स्तरीय कार्यशाला में प्रमुख रूप से मंडल योजना बैठक 8 अगस्त को निर्धारित किया गया है एवं जिला स्तर 13 अगस्त को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। 13 से 14 अगस्त को अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ता निभाएंगे।

### तिरंगा अभियान को मंडल व बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्पःकृष्ण बिहारी

संयोजक कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान को जिला, मंडल व बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। जिला और मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने मंडल प्रभारी, सह प्रभारी,संयोजक-सदस्यों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर, 07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

देश व्यापी तिरंगा यात्रा को संदर्भ में भाजपा जिला कार्यालय छिंदडांड़ बैकुण्ठपुर में जिला कार्यशाला में हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। बैठक में मुख्य रूप मे प्रभारी रामकिशुन सिंह,विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,संयोजक कृष्णबिहारी जायसवाल,पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे,जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल,बसंत राय,राजेश सिंह, अनिल साहू,रविशंकर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता,कपिल जायसवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा,जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े,जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर,नपाध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, ईश्वर राजवाड़े, शारदा गुप्ता,जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा उपस्थित रहें। घर-घर तिरंगा अभियान को देश भक्ति के साथ मनाएगें-प्रभारी रामकिसुन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि, देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर पूर्णतः सफल रहा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया समृद्धशाली,शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत बना है,सभी को इस पर गर्व है,पूरे देश भर में हर्षोल्लास के हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान को देश भक्ति के साथ मनाएगें।



## बिजली बिल छूट घटाने के विरोध में कांग्रेस हमलावर...किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश तिवारी ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ में बिजली बिल छूट को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट किए जाने के फैसले पर राज्य सरकार को विपक्ष का तीखा विरोध झेलना पड़ रहा है। किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश तिवारी ने इस जन-विरोधी निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र सौंपते हुए फैसले को वापस लेने की मांग की है। विमलेश तिवारी ने पत्र में लिखा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने आम जनता और किसानों के हित को देखते हुए 400 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया था,जिससे लाखों परिवारों को राहत मिली थी। लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इसे घटाकर केवल 100 यूनिट कर दिया, जिससे आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है,सरकार किसानों को समय पर खाद तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। मजबूर किसान बिचौलियों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने बस्तर से लेकर सरगुजा तक आदिवासी क्षेत्रों की भूमि को औद्योगिक घरानों को सौंपकर स्थानीय निवासियों की आजीविका पर सीधा आघात किया है। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा पर चिंता जताते हुए श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने लगभग 10,000 स्कूल बंद कर दिए हैं,वहीं नई अंग्रेजी शराब दुकानों की खुली छूट देकर राज्य को गुमराह कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बेरोजगारी चरम पर है और युवाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विमलेश तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव से पूर्व 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने, एक लाख नौकरियों और 18 लाख घर देने के वादे सिर्फ दिखावा साबित हुए हैं। वहीं, हाथियों के हमले से आदिवासी क्षेत्र में लगातार हो रही मौतों पर सरकार की चुप्पी को उन्होंने शर्मनाक बताया। पत्र के अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अपने चुनावी वादों को याद करते हुए बिजली बिल में 400 यूनिट की छूट को पुनः बहाल करें और आम जनता को राहत प्रदान करें।

## जिले व सम्भाग में आयोजित होंगे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना शिविर

-संवाददाता-
कोरिया,07 अगस्त 2025 (घटती-घटना)।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में आम नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला एवं संभाग स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 7 अगस्त से 13 अगस्त 2025 तक चरणबद्ध रूप से विभिन्न जिलों में लगाए जाएंगे। इस योजना के तहत नागरिकों को सौर ऊर्जा संयंत्र अपने घर की छत पर लगाने के लिए आर्थिक सहायता,सब्सिडी और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। शिविरों में लोगों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। साथ ही इच्छुक लाभार्थियों को मौके पर ही पंजीयन में भी सहायता की जाएगी। कोरिया जिले में 11 अगस्त को कुमार चौक (घड़ी चौक) बैकुंठपुर तथा 12 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर,बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक यह योजना पर्यावरण संरक्षण, बिजली खर्च में बचत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और सोलर ऊर्जा के उपयोग को अपनाकर देश की ऊर्जा क्रांति में योगदान दें।

## शिक्षक और पालक मिलकर बनाएं बच्चों का उज्जवल भविष्यःजिला पंचायत सीईओ

**पालक-शिक्षक सम्मेलन में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया गया जोर,सभी विद्यालयों में जिला स्तरीय पालक-शिक्षक सम्मेलन का किया गया आयोजन**

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बतरा,भैयाथान में आयोजित पालक-शिक्षक सम्मेलन में जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र सिंह पाटले ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य,शिक्षा की गुणवत्ता सुधार तथा परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु शिक्षक,बालक एवं पालक की सक्रिय सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री पाटले ने पालकों से अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में पूर्ण रूप से सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि केवल शिक्षक नहीं, बल्कि पालकों की भूमिका भी बच्चों के सर्वांगीण विकास और अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और संवाद कौशल से सुसज्जित करना समय की मांग है।



### पालकों को किया जागरूक

सीईओ श्री पाटले ने कहा कि शासन ने पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद का साझा मंच दिया है,जिसका सभी को भरपूर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने पालकों को अपने बच्चों की पढ़ाई,दिनचर्या और परफॉर्मेंस पर शिक्षकों से चर्चा करने, मोबाइल एवं नशापान जैसी बुरी आदतों से बच्चों को दूर रखने और उन्हें खेल,संगीत, पेंटिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की सलाह दी। जिला पंचायत सीईओ ने पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता तभी बढ़ सकती है जब शिक्षक, पालक और विद्यार्थी तीनों की सहभागिता सुनिश्चित हो। श्री पाटले ने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के अध्ययन एवं परफॉर्मेंस के संबंध में शिक्षकों से नियमित रूप से संवाद करें। पालक बच्चों की दैनिक दिनचर्या से शिक्षकों को अवगत कराएं ताकि उनके विकास में सामूहिक प्रयास हो सके। बच्चों में आत्मविश्वास का विकास आवश्यक है ताकि वे अपनी पढ़ाई से जुड़ी समस्याएं बेहिचक अपने शिक्षक या माता-पिता से साझा कर सकें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मोबाइल और नशे जैसी बुरी आदतों की ओर बच्चों का झुकाव बढ़ता जा रहा है, जिससे उन्हें बचाना अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी है। इसके लिए बच्चों को खेलकूद, संगीत, पेंटिंग एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाना चाहिए ताकि वे मल्टीटैलेंटेड बन सकें।उन्होंने पालकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के खेलने-पढ़ने का समय सुनिश्चित करें और उन्हें टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें।

### शिक्षकों को निर्देश

उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों को पूरी क्षमता से पढ़ाएं और परीक्षा परिणाम पर नियमित चर्चा करते हुए उनकी कमजोरी एवं उपलब्धियों को चिह्नांकित कर सुधार की दिशा में कार्य करें। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बच्चों को बचाने और इंटरनेट का सकारात्मक उपयोग कराने की भी सलाह दी गई।

### नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

इस अवसर पर उपस्थित सभी पालकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के लिए सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में बतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. जे. बी. सिंह ने भी पालकों एवं शिक्षकों को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और मानसिक विकास के विषय में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने नशे की लत के खतरों से सावधान करते हुए बच्चों को अच्छे संस्कार और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### बच्चों की प्रतिभा को मिला प्रोत्साहन

सम्मेलन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के पालकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, जिला पंचायत सीईओ ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रोजेक्ट्स और कलाकृतियों का अवलोकन कर उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

### जिले के 241 संकुलों में पालक-शिक्षक बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समापन पर श्री पाटले ने सभी से अपील की कि वे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षक-पालक समन्वय को सशक्त बनाएं और साझा प्रयास से विद्यालय के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाएं।

## शासकीय आत्मानंद विद्यालय में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं" अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

बतरा व बसदेई के शासकीय आत्मानंद विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री शुभम बंसल जी के मार्गदर्शन से सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्राओं द्वारा निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, राखी निर्माण प्रतियोगिता एवं वाद विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, नवा बिहान संरक्षण अधिकारी श्रीमती इन्द्र कुमारी तिवारी एवं महिला सशक्तिकरण (हब) मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक श्रीमती शारदा सिंह के नेतृत्व में किया गया है जिसमे कन्या भ्रूण हत्या निषेध अधिनियम, बाल विवाह, घरेलू हिंसा अधिनियम, गुड टच बैड टच, सखी सेंटर, कार्य स्थल पर महिलाओ का लैगिंग उत्पीडन अधिनियम 2013 एवं महिला हेल्प लाइन नंबर 181, 1098, 112 की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षको के सहयोग से सत्र का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरलीगल वालेंटियर द्वारा महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता एवम यूनिसेफ समन्वयक श्री हितेश द्वारा अन्य जानकारियां दी गई एवं स्तनपान सप्ताह अंतर्गत गर्भवती महिलाओ तथा सामुदायिक महिलाओ को स्तनपान के महत्त्व के विषय में जानकारी दी गई ।




## शैक्षिक वातावरण निर्माण में पालक -शिक्षक का निरंतर संवाद होना जरूरी हैःडॉ मोहन साहू

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

आज शिवप्रसादनगर संकुल में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन में जिला परियोजना अधिकारी (डी.एल.एम.ए.) एव बैठक के नोडल अधिकारी डॉ मोहन साहू ने राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग के कैलेंडर अनुसार कलेक्टर श्री एस जयवर्धन सर के सफल मार्गदर्शन में पालक शिक्षक बैठक के विविध बिंदुओं में शाला एव कक्षा में शैक्षिक वातावरण का निर्माण ,क्लास आधारित अध्याय के कठिन प्रश्नों का समाधान ,प्रतिदिन होम वर्क,पलकों से सतत संपर्क,शनिवार को बस्ता मुक्त पठन पाठन,विधार्थी के शैक्षिक जिज्ञासों पर आधारित वार्तालाप,खेल गतिविधियों में सहभागिता, बच्चे सिख पा रहे है ,समझ,लेखन,अन्य गतिविधियो में उनका सतत आकलन,माता पिता को बच्चे के शैक्षिक स्तर पर चर्चा,घर का वातावरण,छात्र दिनचर्या,बच्चे ने आज क्या सीखा,बच्चा बोलेगा बे झिझक,बच्चों की अकादमिक प्रगति एव परीक्षा पर चर्चा,बस्ता रहित शनिवार,विद्यार्थियों के उम्र क्लास अनुरूप हेल्थ परीक्षण एव पोषण,जाति,आय,निवास प्रमाण पत्र,न्योता भोज,विविध प्रतियोगी परीक्षाओं छात्रवृत्ति एव विभागीय योजनाओं की जानकारी ,विविध डिजिटल प्लेटफार्म दीक्षा एप,ई जादुई पिटारा,डिजिटल लाइब्रेरी के साथ उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रमुख घटक बुनियादी शिक्षा एव संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल,व्यावसायिक कौशल विकास,बुनियादी शिक्षा सतत शिक्षा योजनाओं पर चर्चा में उल्लास साछरता क्लास हेतु स्थल चिन्हांकन,पी 15 वर्ष से अधिक उम्र के निरक्षर हेतु क्लास का संचालन स्थानीय स्वय सेवकों के माध्यम से संचालन पर चर्चा,तथा 10-12 वी में अध्यनरत शिक्षार्थी द्वारा क्लास संचालन पर 10 नंबर बोनस अंक की पात्रता पर चर्चा किया गया बैठक में नोडल अधिकारी डॉ मोहन साहू ने कहा कि शैक्षिक वातावरण निर्माण में शिक्षक एव पालक का निरंतर संवाद जरूरी है बैठक में उल्लास शपथ दिलाया गया बैठक में संकुल के के प्राचार्य,व्याख्याता,प्रधान पाठक,संकुल सम न्वयक,शिक्षकपालक एव जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# क्या बेलगाम डीएफओ को सरकार और विभाग के उच्च अधिकारियों का है संरक्षण?

### जनप्रतिनिधियों के सम्मान पर वनमण्डलाधिकारी का हमला...ज्ञापन देने गए महिला जनप्रतिनिधियों को चेम्बर से निकाला बाहर

### सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों ने मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को लिखा पत्र कहा डीएफओ ने धक्का देकर बाहर निकालने का दें निर्देश

### क्या डीएफओ का व्यवहार इतना खराब की कांग्रेस-भाजपा दोनों दलों के लोगो को करना पड़ा विरोध?

## डीएफओ की कार्य प्रणाली पर लंबे समय से उठ रहे सवाल फिर भी सरकार ने क्यों नही लिया संज्ञान...अहम सवाल

### डीएफओ ने पत्रकारों को अंदर जाने से रोकने का क्यों दिया निर्देश?

### पूर्व विधायक ने वन मण्डल के कई मुद्दों पर डीएफओ पर उठाए थे सवाल?

### क्या डीएफओ को सरकार और विभाग के उच्च अधिकारियों का है संरक्षण

### वन विभाग में लगातार शिकायतों के बावजूद आखिर क्यों नही होती कार्यवाही

### ऐसे अधिकारी से सरकार छवि धूमिल होती है:रेणुका सिंह

भरतपुर-सोनहत की विधायक रेणुका सिंह ने डीएफओ मनीष कश्यप से चर्चा करने के बाद मीडिया से कहा,हमारे जनप्रतिनिधि जनता की समस्या को लेकर गए थे,जानवर से जनता को जान का खतरा है तो जनप्रतिनिधि किसके पास जाएंगे वन विभाग के अधिकारी के पास ही तो जाएंगे, अधिकारी को उनकी बात सुननी चाहिए थी,वैसे भी पिछ्ला इतिहास देखे तो ये जहां-जहां रहते हं, वहां-वहां विवाद होता है। ऐसे अधिकारी से सरकार की छवि धूमिल होती है। उन्होंने आगे बताया कि डस पूरे मामले की जानकारी उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री को देदी है और जल्द कोई रास्ता निकलने की उम्मीद है।





-संवाददाता-
एमसीबी,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

गुरुवार की सुबह मनेंरगढ़ डीएफओ ऑफिस में नगर पालिका अध्यक्ष अपने कुछ जनप्रतिनिधियों के साथ ज्ञापन सौंपने पहुंची थी इसी दौरान डीएफओ और नगर पालिका अध्यक्ष के बीच किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई और मामला इतना बढ गया कि डीएफओ द्वारा महिला नगर पालिका अध्यक्ष समेत जनप्रतिनिधियों को बाहर निकालने की बात कह दी गई इसके बाद मामले ने काफी तूल पकड़ लिया और नगर पालिका अध्यक्ष अब जनप्रतिनिधियों के साथ डीएफओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गई है और डीएफओ को हटाने की मांग को लेकर वहां जमकर नारेबाजी की गई।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ वार्ड में पिछ्ले कुछ दिनों से लगातार एक भालू के घूमने की खबरों से नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय जनता की सुरक्षा और शीघ्र वन विभाग की कार्रवाई की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा यादव,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव और पार्षदगण आज वन मंडल अधिकारी





मनेंदरगढ़ के कार्यालय पहँच थे। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वे डी एफ ओ मनीष कश्यप को एक ज्ञापन सौपने गए थे, ताकि भालू को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की कार्रवाई जल्द शुरू की जाए। लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष का आरोप है कि वनमण्डलाधिकारी अमित कश्यप ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जन प्रतिनिधियों को कार्यालय से बाहर निकालने की बात कह दी। इस घटना के बाद जनप्रतिनिधियों ने मनीष कश्यप के व्यवहार कीकड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र का अपमान बताया। जन प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मामले में संज्जान लेने और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं और विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से तत्काल बात करते हुए वनमण्डलाधिकारी मनीष कश्यप को तत्काल हटाने की मांग की हैं।

### कांग्रेसियों ने भी किया प्रदर्शन... पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

घटना की जानकारी मिलने के बाद युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष हाफिज मेमन राज कुमार केशरवानी प्रवक्ता सौरभ मिश्रा,सहित पूरी टीम डीएफओ कार्यालय पहुची और वन मंडकाधिकारी के व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए जम कर नारे बाजी की और उन्हें हटाये जाने की मांग किया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारियों का साथ मे नारेबाजी करते देखा गया वही पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के राज में जनप्रतिनिधियों का कोई सम्मान नहीं रह गया है। वनमण्डल अधिकारी किस अधिकार से जनता के प्रतिनिधियों को इस तरह अपमानित कर सकता है? यह कृत्य लोकतंत्र के मुंह पर गहरा आघात है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने मांग की कि डीएफओ मनीष कश्यप के खिलाफ तत्काल उच्च स्तरीय जांच हो और उन्हें पद से हटाया जाए। गुलाब कमरों ने यह भी बताया कि यह पहली बार नहीं है, पूर्व में भी उन्होंने डी एफओ के व्यवहार और कार्यशैली को लेकर शिकायतें की थीं, लेकिन सत्ता पक्ष के संरक्षण में उन्हें हर बार बचा लिया गया।

### क्या जनप्रतिनिधि अब चुप रहेंगे?

अब बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या इस पूरे प्रकरण पर शासन-प्रशासन आंखें मूंदे बैठा रहेगा? जनता के प्रतिनिधियों का इस तरह निरंतर लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है। यदि दोषी अधिकारी पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती, तो जनाक्रोश और गहरा हो सकता है। डीएफओ का यह व्यवहार न केवल सेवा नियमों के खिलाफ है, बल्कि जनभावनाओं का अपमान भी है। अब देखना यह है कि क्या सरकार इस मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करती है, या फिर अफसरशाही के अहंकार को खुली छूट दी जाती है।

### पत्रकार भी विरोध में आये धरने पर बैठे

मनेंद्रगढ़ वनमंडल में डीएफओ मनीष कश्यप के खिलाफ चल रहा विरोध अब और व्यापक हो गया है। कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों के बाद अब पत्रकार भी डीएफओ के व्यवहार के खेलाफ धरने पर बैठ गए हैं। बवाल के बीच भरतपुर-सोनहत की विधायक रेणुका सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले जब डीएफओ चेम्बर में पहुंचीं, तो उनके साथ कुछ पत्रकार भी अंदर जाना चाह रहे थे सूत्र बताते हैं की डीएफओ ने चेंबर का गेट बंद करवा दिया और पत्रकारों को बाहर निकालने के निर्देश दिए। डीएफओ के इस बर्ताव से नाराज होकर पत्रकारों ने कार्यालय परिसर में ही धरना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों और मीडिया के साथ ऐसा व्यवहार निंदनीय है। इधर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के पार्षद पहले से ही डीएफओ को हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। अब डीएफओ को हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। अब मीडिया का समर्थन मिलने से यह आंदोलन और भी मजबूत होता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि पूरे घटनाक्रम पर न केवल स्थानीय प्रशासन बल्कि मुख्यमंत्री कार्यालय औरपीसीसीएफ तक की नजर बनी हुई है राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी तेज है कि एक अधिकारी के व्यवहार के कारण सरकार की छवि धूमिल हो रही है। हालांकि विधायक रेणुका सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले की डीएफओ से मुलाकात हुई. लेकिन अभी तक किसी समाधान की स्थिति सामने नहीं आई है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पिछ्ले एक साल से डीएफओ की कार्य प्रणाली को लेकर शिकायते मिल रही थीं, जिन्हेंकई बार वरिछ नेताओंतक भी पहुंचाया गया लेकिन अब असंतोष सड़कों पर आ चुका है।

### पार्षदों सहित अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने सामुहिक इस्तीफा की दी चेतावनी

नगर पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और पार्षदों के साथ डीएफओ द्वारा अभद्रता व अपमानजनक व्यवहार किए जाने को लेकर पूरा नगर पालिका परिषद आक्रोशित है। इस गंभीर घटनाक्रम को लेकर नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव के नेतृत्व में सभी 22 पार्षदों ने छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट लिखा है कि 7 अगस्त को डीएफओ से मुलाकात के दौरान उन्होंने केवल दो पार्षदों को चेंबर में बुलाया और बात समाप्त होते ही कर्मचारियों को बुलाकर अन्य जनप्रतिनिधियों को धक्का देकर बाहर निकलवाने के आदेश दिए। इसके साथ ही डीएफओ द्वारा अपशब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे आहत होकर सभी जनप्रतिनिधि डीएफओ के चेंबर में ही धरने पर बैठ गए। जनप्रतिनिधियों ने इस पूरे घटनाक्रम को मुख्यमंत्री, कलेक्टर और मंत्री तक पहुंचाते हुए कहा है कि यदि डीएफओ को तत्काल प्रभाव से नहीं हटाया गया,तो वे सभी अपने-अपने पद से सामूहिक रूप से इस्तीफा देने के लिए बाध्य होंगे।

---

### थाना प्रतापपुर में शिकायत दर्ज

## ग्राम पंचायत में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 1 लाख की ठगी




-संवाददाता-
प्रतापपुर,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

आज ग्राम खोरमा,कैराडांड़,तहसील प्रतापपुर निवासी सूर्यकांत सिंह, पिता श्री शंकर सिंह ने थाना प्रभारी प्रतापपुर को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है कि उनसे ग्राम पंचायत में नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख की ठगी की गई है। शिकायत के अनुसार, दिनांक 15 जनवरी 2025 को धर्मजीत राजवाड़े, निवासी ग्राम दरहोरा, प्रतापपुर ने उन्हें ग्राम पंचायत में किसी पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और इसके एवज में 1,00,000 की मांग की। सूर्यकांत सिंह ने बताया कि उसने 60,000



की राशि फोन-पे के माध्यम से तथा 40,000 नकद रूप में धर्मजीत को सौंपा। इसमें ?40,000 की राशि धर्मजीत के फोन-पे नंबर 7067439097 पर और ?20,000 धर्मजीत के साथी नकुल राम के नंबर 9669554824 पर ट्रांसफर की गई, जबकि शेष 40,000 नकद में दिया गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार, आज दिनांक तक न तो उसे ग्राम पंचायत में कोई नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस किए गए। जब भी वह पैसे मांगते हैं, आरोपी टालमटोल करता है और अब साफ तौर पर राशि लौटाने से इनकार कर रहा है। सूर्यकांत सिंह ने थाना प्रभारी से मांग की है कि इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए 1,00,000 की राशि वापस दिलाई जाए। उन्होंने भुगतान से संबंधित प्रमाण और बातचीत का रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की बात भी कही है।

## जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

### शासन की योजनाओं को घर घर पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी:आशा



-संवाददाता-
सोनहत,07 अगस्त 2025
(घटती-घटना)।

सोनहत जनपद पंचायत की अध्यक्ष आशा सोनपाकर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े ने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात किया, केंद्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में ग्रामीणों से भेंट कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जानकारी ली,इस बीच लोगों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा सोनपाकर लंबे समय से महिला जागृति एवं सामाजिक विकास पर सोनहत क्षेत्र में कार्य करते हुए क्षेत्र का नेतृत्व प्राप्त की हैं, उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी आप सभी से रुबरु होकर समस्याओं के समाधान का है,भाजपा की सरकार





मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए समर्पित है। हम किसी भी स्थिति में विकास की अनदेखी स्वीकार नहीं करेंगे, उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि सरकार की नीतियों का लाभ आमजन तक पहुंचाएं,ऐसा हमारा प्रयास रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम लगातार आपसे संपर्क और संवाद करेंगे,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता आमजन से जुड़कर अंतिम छोर तक विकास की रोशनी पहुंचाएंगे, इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री मनोज साहू सुरेश राजवाड़े मंडल मंत्री भीम राजवाड़े कोषाध्यक्ष दीपक जायसवाल भाजयुमो जिला मंत्री रमेश तिवारी भाजयुमो उपाध्यक्ष दिलीप राजवाड़े रिकु राजवाड़े अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्की सारथी मुकेश राजवाडे आईटी सेल अनुज राजवाड़े संजय मानिकपुरी विक्की शक्ति केंद्र सहसंयोजक जयकरण यादव सत्येंद्र कुमार अनिल सोनपाकर मोहरसाय चेरवा दिनेश चेरवा अमर सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

CMYK

# ऑस्ट्रेलिया की टीम आएगी भारत

## कानपुर और लखनऊ में खेले जाएंगे मुकाबले

**मेलबर्न,07 अगस्त 2025।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जब भी क्रिकेट मुकाबला होता है तो रोमांच अपने चरम पर होता है। अब एक बार फिर दोनों टीमें आमने सामने होने वाली हैं। जल्द ही ऑस्ट्रेलिया की ए भारत के दौरे पर आएगी, मुकाबले कानपुर और लखनऊ में होंगे। बड़ी और खास बात ये है कि भले ही ये ए टीम हो, लेकिन इसमें ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट खेल चुके कुछ खिलाड़ी भी शामिल हैं, इसलिए इस पर नजर रहने वाली है।

### सैम कोंस्टास को मिली है ऑस्ट्रेलिया ए टीम में जगह

भारत के दौरे पर आने वाली ऑस्ट्रेलिया की ए टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच दो मैच खेले जाने हैं। इस टीम की खास बात ये है कि इसमें सैम कोंस्टास को भी शामिल किया गया है। इस सीरीज के दौरान दो बहु दिवसीय और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। सैम कोंस्टास ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट मैच खेल चुके हैं और काफी चर्चित नामों में से एक हैं। जानकारी के अनुसार बहु-दिवसीय मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे,वहीं एकदिवसीय मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे।




### एशेज सीरीज की तैयारी कर रहा है ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया की टीम हाल फिलहाल कोई भी टेस्ट मैच नहीं खेलेगी, हालांकि उसे वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैच कई खेलने हैं,लेकिन ऑस्ट्रेलिया की एक नजर जरूर एशेज सीरीज पर होगी। जहां नवंबर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं। माना जा रहा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की कोशिश ये है कि एशेज से पहले सैम कोंस्टास के फार्म को एक बार जरूर चेक लिया जाए, ताकि टीम के ऐलान से पहले यह देख लिया जाएगा कि वे सीरीज में खेल पाएंगे कि नहीं। एशेज हालांकि अभी दूर है, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अपनी तैयारियों को कुछ इसी तरह से अंजाम देता है।

### ये बड़े खिलाड़ी भी आएंगे भारत

सैम कोंस्टास अभी केवल 19 साल के हैं और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उनमें भविष्य का स्टार देखता है। उन्होंने अब तक 5 टेस्ट मैच खेलकर 163 रन बनाए हैं और एक अर्धशतक शामिल है। ये आंकड़े बहुत अच्छे तो नहीं कहे जा सकते, लेकिन ऑस्ट्रेलिया उन्हें आगे के लिए तैयार करने की कोशिश कर रहा है। सैम के अलावा जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली और नाथन मैकस्वीनी भी इस टीम में हैं। उधर दूसरी ओर जैक फ्रेजर-मैकगर्क और तनवीर संघा को एक दिवसीय टीम से चुना गया है। वे भी ऑस्ट्रेलिया के लिए कई इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं।

**ऑस्ट्रेलिया ए की टीम चार दिवसीय मैच:-** जेवियर बार्टलेट,कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, आरोन हार्डी, कैंपबेल केलावे,सैम कोंस्टास,नाथन मैकस्वीनी, लांस मॉरिस,टॉड मर्फी,फर्गस ओनील, ओलिवर पीक,जोश फिलिप,कोरी रोचिचियोली,लियाम स्कॉट

**ऑस्ट्रेलिया ए की टीम एक दिवसीय के लिए:-** कूपर कोनोली,हैरी डिक्सन, जैक एडवर्ड्स,सैम इलियट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क,आरोन हार्डी,मैकेंज़ी हार्वे,टॉड मर्फी,तनवीर संघा,लियाम स्कॉट,लैची शॉ,टॉम स्ट्रैकर,विल सदरलैंड,कैलम विडलर।



# भारत और इंग्लैंड सीरीज के बाद ब्रायडन कार्स करेगा आराम

### द हंड्रेड टूर्नामेंट से नाम लिया वापस

**ब्रिसबेन,07 अगस्त 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच हाल ही में एक लंबी और काफी अहम सीरीज खेली गई। सीरीज का आगाज जून के महीने में हुआ था, जो अगस्त तक चली। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के सभी मैच पूरे पांच दिन तक चले। इससे खिलाड़ी काफी थक से गए थे। ऐसे में भारत के अलावा इंग्लैंड के भी कुछ खिलाड़ी लंबे आराम पर जा रहे हैं। इस बीच खबर है कि इंग्लैंड के ब्रायडन कार्स अब ब्रेक पर जा रहे हैं, इसलिए उन्होंने द हंड्रेड से अपना नाम वापस ले लिया है।

### द हंड्रेट टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे ब्रायडन कार्स

इस वक्त इंग्लैंड में द हंड्रेट टूर्नामेंट चल रहा है। इसमें कई देशों के खिलाड़ी खेलते हैं। भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज खत्म होने के दो ही दिन बाद इसका आगाज हो गया। भारत के खिलाड़ी तो इसमें नहीं खेलते हैं, लेकिन इंग्लैंड के कई खिलाड़ी टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद द हंड्रेड में खेलने चले गए। लेकिन ब्रायडन कार्स ने कुछ अलग फैसला लिया है। लगातार टेस्ट मैच खेलने के बाद अब ब्रायडन कार्स ने इस साल के द हंड्रेड से अपना नाम वापस ले लिया है। बताया जाता है कि अपना वर्कलोड मैनेज करने के लिए कार्स ने ये अहम निर्णय लिया है। जो काफी हद तक ठीक भी है।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई

**मॉन्ट्रियल,07 अगस्त 2025।** कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको कैनेडियन ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। 18 साल की म्बोको ने नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6(4) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। म्बोको ने फाइनल में पहुंचने के साथ-साथ एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वह ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियनों (रयबाकिना, कोको गॉफ, और सोफिया केनिन) को हराने वाली पहली कनाडाई खिलाड़ी बन गई हैं।



विक्टोरिया म्बोको इस प्रतिष्ठित इवेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली चौथी कनाडाई खिलाड़ी बनी हैं। उनसे पहले फेय अर्बन (1968 और 1969), विकी बर्नर (1969) और बियांका एंड्रीस्कू (2019) ने फाइनल में जगह बनाई थी। साथ ही म्बोको फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। म्बोको की वाइल्डकार्ड एंट्री हुई थी। ऐसे में वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में टूर्नामेंट में एंट्री करने और ओपन ऐरा फाइनल में जगह बनाने वाली वह तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं।

### पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को आयरलैंड ने 11 रन से हराया



**नई दिल्ली ,07 अगस्त 2025।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड के दौरे पर है। सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा है। क्लोनटॉर्फ क्रिकेट क्लब, डबलिन में खेले गए मैच में पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उन्होंने इस फैसले को सही साबित करते हुए आयरलैंड को 19.4 ओवर में 142 रन पर समेटने में बड़ी भूमिका निभाई। आयरलैंड के लिए विकेटकीपर और ओपनर एमी हंटर ने सर्वाधिक 37 रनों की पारी खेली। 30 गेंदों की अपनी पारी में उन्होंने 5 चौके लगाए। इसके अलावा ओरला प्रेंडरगास्ट ने 29, लिह पॉल ने 28 रन बनाए। 6 बल्लेबाज दो अंकों में प्रवेश नहीं कर सकीं।

# न्यूजीलैंड बनाम जिम्बाब्वे मुकाबला क्यों नहीं है डब्ल्यूटीसी का हिस्सा

**जुकरबर्ग,07 अगस्त 2025।** जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम एक बार फिर से टेस्ट के मैदान में उतर रही है। इस बार उसका मुकाबला न्यूजीलैंड से है। दोनों देशों के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है, जिसका दूसरा मैच अब है। पहला मैच न्यूजीलैंड की टीम ने आसानी से अपने नाम किया था। इस बीच भले ही न्यूजीलैंड की टीम पहला टेस्ट मैच जीत गई हो, लेकिन इसका उसे कोई भी फायदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में नहीं मिला। आखिर ऐसा क्यों हुआ। इसके पीछे क्या वजह है कि जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड मुकाबला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है।

### डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में अब तक नहीं खुला है न्यूज़ीलैंड का खाता

न्यूजीलैंड की टीम इस वक्त जिम्बाब्वे के दौरे पर है। एक मैच खेला जा चुका है,भले ही पिछला मुकाबला न्यूजीलैंड की टीम जीत गई हो, सीरीज में भी उसने बढ़त बना ली हो, लेकिन उसे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में कोई फायदा नहीं हुआ। आपको जानकर शायद ताज्जुब होगा कि एक बार की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप विजेता टीम का अभी तक इस नए चक्र में खाता तक नहीं खुला है। आपके जेहन में अब जरूर ये बात चल रही होगी। तो चलिए इसके बारे में आपको बताते हैं।




### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग की टॉप 9 टीमें होती हैं डब्ल्यूटीसी का हिस्सा

दरअसल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में केवल 9 ही टीमें हिस्सा लेती हैं। इन 9 टीमों का फैसला कैसे होता है, तो इसका जवाब है कि आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में जो टॉप 9 टीमें होती हैं, वही इसकी हिस्सेदार होती हैं, यानी जब भी टॉप 9 टीमों के बीच मुकाबला होगा तो वह मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगा। इसकी हार जीत के बाद डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में पीसीटी घटता बढ़ता रहता है। लेकिन जब भी इन टॉप 9 टीमों के बीच मैच नहीं होता तो उसे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं माना जाता।

### जिम्बाब्वे की टीम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अभी 12 वें नंबर पर

आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में अभी की बात की जाए तो टॉप 9 पायदान पर ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश हैं। इन 9 टीमों के अलावा तीन और देश टेस्ट मैच खेलते हैं। इसमें आयरलैंड, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे शामिल है। अभी आईसीसी की रैंकिंग के अनुसार जिम्बाब्वे की टीम 12वें यानी आखिरी नंबर पर है। ऐसे में उसका कोई भी मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं हो सकता।

### इस मैच के रिकॉर्ड सभी माने जाएंगे

न्यूजीलैंड की टीम ने सीरीज का पहला मैच जीत लिया है, हो सकता है कि दूसरा भी जीत जाए, लेकिन उसकी इस जीत का असर डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल पर नहीं पड़ेगा। लेकिन उसके जो भी रिकॉर्ड होंगे, वो सारे जोड़े जाएंगे। इसमें कहीं कोई दिक्कत नहीं है। यानी आगे के लिए भी आप समझ लीजिए कि आयरलैंड, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के जो भी टेस्ट मैच होंगे, वो डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं होंगे।

# बेन स्टोक्स मेंटोर,हैरी ब्रूक कप्तान

## भारत इंग्लैण्ड सीरीज के बाद इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**ब्रिसबेन,07 अगस्त 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच हाल ही में खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई। इस सीरीज में बेन स्टोक्स इंग्लैंड की कप्तानी कर रहे थे। हालांकि कंधे की चोट की वजह से वह सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच नहीं खेल पाए थे। उस मैच में इंग्लैंड को 6 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इस बीच बेन स्टोक्स को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। वह अब द हंड्रेड 2025 में मेंटोर की भूमिका में नजर आएंगे।





### बेन स्टोक्स को बनाया गया नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का कप्तान

बेन स्टोक्स को द हंड्रेड 2025 सीजन के लिए नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का मेंटोर नियुक्त किया गया है, जिसके कप्तान हैरी ब्रूक हैं। इस फ्रेंचाइजी के लिए स्टोक्स 2021 से 2024 के बीच कुल 5 मुकाबले खेल चुके हैं। उन पांच मैचों में स्टोक्स के बल्ले से सिर्फ 14 रन आए और गेंदबाजी में उन्होंने तीन विकेट लिए। एशेज 2025 को ध्यान में रखते हुए फिटनेस और अपने वर्कलोड को मैनेज करने के लिए फरवरी में ही बेन स्टोक्स ने द हंड्रेड के आगामी सीजन से अपना नाम वापस ले लिया था। लेकिन अब वह एक नई भूमिका में सुपरचार्जर्स की टीम के साथ जुड़ गए हैं।

हालांकि सुपरचार्जर्स को अब उम्मीद होगी कि स्टोक्स टीम के हेड कोच एंड्रयू फ्लिंटॉफ के साथ मिलकर बैकरूम स्टाफ के रूप में टीम के प्लेयर्स पर अपना इम्पैक्ट डालेंगे। ये टीम जीत के साथ सीजन का आगाज करना चाहेगी। वहीं मैनचेस्टर ओरिजिनल के खिलाफ वह लीग स्टेज का आखिरी मुकाबला 26 अगस्त को खेलेगी।

### अभी तक एक बार भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम

पिछले चार सीजन में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स एक बार भी प्लेऑफ में अपनी जगह नहीं बना पाई है। 2024 में यह टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर रही थी। ऐसे में हैरी ब्रूक की कप्तानी में इस सीजन सुपरचार्जर्स की टीम हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी।



# पूर्व ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ज्वेरेव, बेनकिक मिश्रित युगल वर्ग में जोड़ी बनाएंगे...

**वाशिंगटन,07 अगस्त 2025।** पेरिस ओलंपिक 2020 में एकल गौरव के चार साल बाद,बेलिंडा बेनकिक और अलेक्जेंडर ज्वेरेव मिश्रित युगल प्रतियोगिता में यूएस ओपन गौरव का पीछा करने के लिए सेना में शामिल होंगे। टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार,यह जोड़ी पहली बार एक साथ खेलेगी। हालांकि, वे 2018 हॉपमैन कप फाइनल में मिश्रित युगल वर्ग में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर चुके हैं, जहाँ बेनकिक ने स्विस दिग्गज रोजर फेडरर के साथ मिलकर ज्वेरेव और जर्मनी की एंजेलिक कर्बर की जोड़ी का सामना किया था और जीत हासिल की थी। यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स टूर्नामेंट भी बेस्ट-ऑफ़-थ्री सेट मैचों के समान स्कोरिंग प्रारूप के साथ जारी रहेगा, जिसमें प्रति सेट चार गेम होंगे, कोई विज्ञापन स्कोरिंग नहीं होगी और तीसरे सेट के बदले 10 अंकों का टाई-ब्रेक होगा। खिताबी मुकाबला 20 अगस्त को होगा और यह बेस्ट-ऑफ़-थ्री, नो-एड मैच होगा जिसमें प्रति सेट छह गेम होंगे और तीसरे सेट के बदले 10 अंकों का टाई-ब्रेक होगा। इस श्रेणी में सीधे प्रवेश के लिए कटऑफ इतना ऊँचा था कि दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी बेनकिक को दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज़्वेरेव के साथ अपनी जगह पक्की करने के लिए एक संरक्षित रैंकिंग (एक विशेष रैंकिंग जो किसी चोट/कारण से बाहर हुए खिलाड़ी को उसके पिछले प्रदर्शन को दर्शाने की अनुमति देती है) का इस्तेमाल करना पड़ा।




# एक्शन से भरपूर मास जतारा की रिलीज डेट आउट

बहुप्रतीक्षित फिल्म मास जत्था आधिकारिक तौर पर 27 अगस्त यानी गणेश चतुर्थी के वीकेंड पर भरपूर मनोरंजन के साथ रिलीज़ होने के लिए तैयार है! विंटेज वाइब्स और पक्के कमर्शियल सेटअप के साथ, यह फिल्म सिनेमाघरों में एक सामूहिक उत्सव का अनुभव देने वाली है। अब तक रिलीज़ हुई हर फिल्म ने मनोरंजन का भरपूर तड़का लगाया है और एक धमाकेदार धमाके की ओर अग्रसर है।निर्माताओं ने हाल ही में पहला गाना रिलीज़ किया है, जिसे अपनी ज़बरदस्त ऊर्जा और ज़बरदस्त वाइब के लिए खूब वाहवाही मिली है। श्रीलीला इसमें मुख्य भूमिका में हैं और जब भी रवि तेजा और श्रीलीला की यह जोड़ी रिलीज़ होती है, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाना तय है।चार्ट टॉपिंग और दर्शकों के पसंदीदा संगीत निर्देशक भीम्स सेसिरोलीओ ने एक बार फिर दर्शकों के दिलों पर राज करने वाला साउंडट्रैक तैयार किया है।निर्देशक भानु भोगवरपु ने हर चीज़ को एक बेहतरीन सेटअप के साथ गढ़ा है और दर्शकों और प्रशंसकों को उस ऊर्जावान अवतार से बांधे रखने में कामयाब रहे हैं जिसे देखने के लिए हम सभी मास महाराज रवि तेजा से उत्साहित हैं। विधु अय्याना की सिनेमैटोग्राफी ने अब तक अपने दृश्यों के माध्यम से सभी जीवंत व्यावसायिक वाइब्स को उभारा है।

# भटकते-भटकते भारत आई हसीना, फिर बॉलीवुड में चलाया हुस्न का जादू और हो गई छूमंतर,अब नाम बदलकर की वापसी



बॉलीवुड में बड़े बैनर के तले लॉन्च होने का सपना हर न्यूकमर देखता है। कम ही लोगों का ये सपना पूरा हो पाता है। बड़े बैनर की फिल्मों के सहारे पहली ही फिल्म से एक्टर्स को पहचान मिल जाती है। कई साल पहले ऐसे ही एक बड़े बैनर के तले एक खूबसूरत हसीना लॉन्च की गई। फिल्म भले ही नहीं चली, लेकिन एक्ट्रेस की खूबसूरती की काफी चर्चा हुई। सोशल मीडिया पर भी ये हसीना पॉपुलर हो गई, लेकिन फिर एक दिन अचानक ही ये एक्ट्रेस गायब हो गई। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि अयुष शर्मा संग डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस वरीना हुसैन हैं। कभी बॉलीवुड में एक उभरते सितारे की तरह चमकीं वरीना हुसैन अचानक एक दिन सबकुछ छोड़कर गायब हो गईं। स्क्रीन से सोशल मीडिया से और यहां तक कि चर्चा से भी। अब सात साल बाद, उन्होंने एक नई पहचान के साथ वापसी की है। नई शुरुआत के साथ एक्ट्रेस ने अपना नाम बदल दिया है।वरीना हुसैन अब हीरा वरीना बन चुकी हैं। साल 2018 में सलमान खान की फिल्म 'लवयात्री' से जब वरीना ने बॉलीवुड में कदम रखा तो सबकी निगाहें उन पर टिक गईं। फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी,लेकिन वरीना की अभिनय क्षमता और स्क्रीन प्रेजेंस की जमकर तारीफ हुई। उनके डेब्यू को लेकर बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म के बाद वह जैसे ओझल हो गईं। 6 अगस्त 2025, बुधवार को वरीना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाला, जिसमें उन्होंने अपने नाम परिवर्तन की घोषणा की। अब वह 'हीरा वरीना' के नाम से पहचानी जाएंगी। आखिर उन्होंने इसे अपना नया नाम बताया है।



# अल्लू अरहा का क्यूट कमेंट,लक्ष्मी मांचू के एक्सेंट पर उठाया सवाल

वीडियो में,लक्ष्मी,अरहा से कहती है कि उसने सुना है कि छोटी उससे कुछ पूछना चाहती थी। अरहा पूछती है,नुव्वु तेलुगु ने ना? (क्या आप तेलुगु हैं?) लक्ष्मी हँसने से पहले हैरान दिखती है और उसे बताती है कि वह एक तेलुगु व्यक्ति है,उससे पूछती है कि उसे संदेह क्यों था। अर्जुन ने उससे पूछा,लेकिन आपने उससे यह पूछा ही क्यों? अरहा ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, ÷नी एक्सेंट अतला उंदी। (आपका उच्चारण ऐसा ही है),जिससे लक्ष्मी सहित सभी लोग हंस पड़े। वीडियो पोस्ट करते हुए, लक्ष्मी ने आश्चर्य जताया कि क्या अर्जुन ने अरहा से यह पूछने के लिए कहा था, उन्होंने लिखा, ÷क्यूटनेस ओवरलोड के लिए तैयार हो जाओ पापा। क्या यह वास्तव में उसका सवाल था या आपने उसे मुझसे पूछने के लिए कहा था?

CMYK

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### भूपेन्द्र सवन्नी को जांच अधिकारी ने दी क्लीनचिट

**आरोप का नहीं मिला कोई प्रमाण**

**रायपुर,07 अगस्त 2025(ए)।** क्रेडा के चेयरमैन भूपेन्द्र सवन्नी को कमीशनखोरी के आरोपों से क्लीनचिट मिल गई है। सवन्नी पर कुछ वेंडरों ने तीन फीसदी कमीशन



के लिए दबाव बनाने, और धमकी देने की शिकायत की सीएम विष्णुदेव साय से की थी। इस पूरे मामले में सीएम ने ऊर्जा सचिव से जांच कर प्रतिवेदन मांगा था। ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने शिकायतों की जांच कर अपनी रिपोर्ट सीएम सचिवालय को भेज दी है। डॉ. यादव ने कहा कि शिकायतकर्ताओं की तरफ से क्रेडा चेयरमैन के खिलाफ शिकायतों को लेकर कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किए। शिकायत आधारहीन पाई गई, और इसके बाद प्रतिवेदन सीएम सचिवालय को भेज दिया गया है।

### बांग्लादेशी ढूंढने में पुलिस से हुई गलती,हाईकोर्ट ने माँगा जवाब



**बिलासपुर,07 अगस्त 2025(ए)।** कोंडागांव पुलिस ने पश्चिम बंगाल के 12 मजदूरों को बांग्लादेशी कहकर गिरफ्तार किया था और बाद में भारतीय नागरिक होने के कारण छोड़ दिया था। इस मामले की याचिका पर हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में 12 मजदूरों के खिलाफ की गई धारा 128 की कार्रवाई को रद्द करने और 1 लाख मुआवजे की मांग के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य में स्वतंत्रता पूर्वक रोजगार करने के लिए सुरक्षा की मांग की गई थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सरकार को दो हफ्ते में जवाब देना होगा उसके बाद फिर सुनवाई होगी।

### स्कूलों की बदहाल हालत पर हाईकोर्ट सख्त



**शिक्षा सचिव से मांगा जवाब**

**बिलासपुर,07 अगस्त 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों की खराब स्थिति पर हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य के शिक्षा सचिव को निर्देश दिया है कि वे शपथ पत्र (हलफनामा) के जरिए स्कूलों की स्थिति पर जवाब दें। अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी।यह मामला तब सामने आया जब बिलासपुर के स्वामी आत्मानंद प्राथमिक विद्यालय, सेंदरी में दीवारों में करंट आने की खबर मिली। चौथी कक्षा के छात्र नीलेश पटेल को करंट लग गया और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। छात्रों ने बताया कि स्कूल की दीवारों में अक्सर करंट आता है जिससे उनकी जान को रोज़ खतरा बना रहता है।स्कूल प्रबंधन ने इस खतरे की जानकारी शिक्षा विभाग को पहले ही दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पहले से चल रही एक जनहित याचिका में इसे जोड़ लिया। इसी दौरान अधिवक्ता टी.के. झा ने सक्ती जिले के कई सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल स्थिति का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कई स्कूलों में न तो शौचालय हैं, न फर्नीचर, न बाउंड्रीवाल और कई जगह तो स्कूल की बिल्डिंग तक नहीं है

### पार्षद की गाड़ी ने स्कूल जा रही 7 साल की बच्ची को रौंदा




**सारंगढ़-बिलाईगढ़,07 अगस्त 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। यहां पार्षद ने तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए स्कूल जा रही 7 वर्षीय बच्ची को टक्कर मारी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# असंभव को संभव कर दिया अमित शाह की रणनीति ने

» **अमित शाह की रणनीति पर जवानों का अदम्य साहस...**

» **नक्सलियों के गढ़ की बदल रही तस्वीर**



**रायपुर,07 अगस्त 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। बीजापुर जिले में 24 लाख रुपये के इनामी समेत कुल 9 माओवादियों ने बुधवार को आत्मसमर्पण किया है। वहीं एक अन्य घटनाक्रम में एक माओवादी मुठभेड़ के दौरान न्यूट्रलाइज़ किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बदलते बस्तर की तस्वीर है। जहां बंदूकें झुक रही हैं और विकास की आवाज़ बुलंद हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सफलता सुरक्षाबलों के अदम्य साहस और भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक केंद्रीय गृह मंत्री के पद पर सेवा देने वाले अमित शाह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

**अमित शाह ने अंसभव को संभव बना दिया**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह का कार्यकाल भारत की आंतरिक सुरक्षा का वह युग है जिसने असंभव को संभव बना दिया है। अनुच्छेद 370 की ऐतिहासिक समाप्ति हो या नक्सलवाद एवं आतंकवाद पर कठोर प्रहार का निर्णय। उन्होंने सदैव भारत को एक सुरक्षित,सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ाया है।

**450 माओवादी मारे जा चुके हैं...**

सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2023 से अब तक लगभग 450 माओवादी न्यूट्रलाइज किए जा चुके हैं,1579 माओवादी गिरफ्तार हुए हैं। लगभग 1589 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मंशा के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक राज्य से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**विकास ही बनेगा उसकी पहचान**

मुख्यमंत्री ने आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास की प्रक्रिया को तेज़ी से लागू करने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री इस सफलता के लिए सुरक्षाबलों, खुफिया एजेंसियों और प्रशासनिक अमले को बधाई दी है और कहा है कि बस्तर अब अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ चुका है। विकास ही अब उसकी पहचान बनेगा।

## मुक्तिधाम से अस्थियां गायब होने से मचा हड़कंप

» **परिजनों ने तांत्रिक गतिविधियों की जताई आशंका,**

» **नगर पालिका और पुलिस को दी जानकारी**

**आरंग,07 अगस्त 2025(ए)।** शहर के नया तालाब स्थित मुक्तिधाम से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। वार्ड नंबर 12 निवासी नोना धुरंधर, पत्नी संतराम धुरंधर का हाल ही में निधन हो गया था। बुधवार को परिजनों ने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम



संस्कार वार्ड नंबर 6 के मुक्तिधाम में किया था। लेकिन गुरुवार सुबह जब परिजन अस्थियां एकत्र करने पहुंचे, तो वहां अस्थियां नदारद थीं। परिजनों के अनुसार, दाह संस्कार के स्थान पर केवल सिर के पास तीन मिट्टी के बर्तन, जली हुई बत्तियां, एक शर्ट पीस और हड्डियां निकालने में प्रयुक्त लकड़ी का टुकड़ा मिला। अस्थियां न मिलने से परिवार सदमे में है, क्योंकि हिंदू धर्म में अस्थि विसर्जन को मृत आत्मा की शांति के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाता है। अब परिजन गायब अस्थियों की तलाश में लगे हुए हैं ताकि उन्हें पवित्र नदी में विधिवत विसर्जित किया जा सके। इस घटना की जानकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी और आरंग थाना प्रभारी को दी गई है। परिजनों ने मांग की है कि ऐसी घटनाएं भविष्य में दोबारा न हों, इसके लिए मुक्तिधाम में चौकीदार की नियुक्ति और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाए।स्थानीय जानकारों और परिजनों का मानना है कि सावन माह में अक्सर तांत्रिक गतिविधियों में वृद्धि होती है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि किसी तांत्रिक या अंधविश्वास में लिप्त व्यक्ति ने अस्थियों को चुरा लिया हो सकता है।






## अनवर ढेबर के बेटे शोएब पर जेल प्रशासन ने लगाया बैन

**तीन महीने तक किसी भी बंदी से नहीं कर सकेंगे मुलाकात**

**रायपुर,07 अगस्त 2025(ए)।** रायपुर सेंट्रल जेल प्रशासन ने छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। केन्द्रीय जेल रायपुर के जेल अधीक्षक ने आदेश जारी करते हुए शोएब ढेबर को तीन माह तक किसी भी बंदी से किसी भी प्रकार की मुलाकात से प्रतिबंधित कर दिया है। जिसके चलते अब शोएब ढेबर किसी भी बंदी से मुलाकात नहीं कर सकेगा।बताया जा रहा है कि, शोएब ने जेल अधिकारियों की अनुमति के बिना जबरदस्ती बंदी से मुलाकात किया था। जिसके चलते शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई, इस आधार पर यह प्रतिबंध लगाया गया है। मामले को लेकर रायपुर जेल अधीक्षक ने आदेश जारी किया है।

**जांच के बाद लिया गया फैसला**

शोएब के खिलाफ शिकायत मिलने पर इस घटना की जांच उप जेल अधीक्षक एम.एन. प्रधान द्वारा की गई, जिनकी रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि, शोएब ढेबर द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करना सत्य है। जेल नियमावली के नियम 690 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय जेल रायपुर के जेल अधीक्षक द्वारा आदेश जारी करते हुए शोएब ढेबर को तीन माह तक किसी भी बंदी से किसी भी प्रकार की मुलाकात से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री

**स्टार्टअप और युवाओं के लिए नया युग प्रारंभ**

**रायपुर,07 अगस्त 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिली है। अब राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स टेस्टिंग या



प्रोटोटाइपिंग के लिए बेंगलुरु, पुणे या नोएडा जैसे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नवा रायपुर में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदृष्टि और आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में तैयार इस परियोजना से राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, स्टार्टअप और युवाओं के लिए नया युग प्रारंभ होगा। यह परियोजना छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति के अनुरूप निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी।

## नक्सली महिलाएं और दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडो डिप्टी सीएम विजय शर्मा को बांधेंगी राखी




**सुकमा,07 अगस्त 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और पुनर्वास की दिशा में एक अनूठा और भावनात्मक आयोजन इस रक्षाबंधन के अवसर पर 9 अगस्त को होने जा रहा है। उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा इस दिन दंतेवाड़ा और सुकमा के दौरे पर होंगे, जहां आत्मसमर्पण कर चुकी नक्सली महिलाएं और दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडो उन्हें राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र बंधन का संदेश देंगी।बता दें कि रक्षाबंधन के दिन उपमुख्यमंत्री शर्मा सुकमा जिले के पुनर्वास केंद्र का दौरा करेंगे, जहां आत्मसमर्पित नक्सली महिलाएं उन्हें राखी बांधेंगी। इसके साथ ही, दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडो भी इस आयोजन में शामिल होंगी।

## तीन विदेशी फ्रॉड छत्तीसगढ़ पुलिस की गिरफ्त में



**राजनांदगांव,07 अगस्त 2025 (ए)।** विदेश से महंगे गिफ्ट और विदेशी मुद्रा भेजने के नाम पर भारतीय महिलाओं से ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगों के गिरोह को राजनांदगांव पुलिस ने दिल्ली से धर दबोचा। साइबर सेल राजनांदगांव और पुलिस चौकी चिचोला की संयुक्त कार्रवाई में दो नाइजीरियन और एक दक्षिण अफ्रीकी मूल के तीन आरोपियों को जनकपुरी और उत्तम नगर, नई दिल्ली से 5 अगस्त 2025 को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड पर राजनांदगांव लाया गया।

## शिवलिंग प्रतिमा की तोड़फोड़,बदमाशों ने मचाया उत्पात



**कवर्धा,07 अगस्त 2025 (ए)।** जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां अज्ञात बदमाशों ने मंदिर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि मंदिर में शिवलिंग की प्रतिमा को खंडित कर फेंक दिया है। जिसके बाद अब स्थानीय लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, मामला भोरमदेव थाने के हरमो के सारंगढ़ का है। जहां कुछ अज्ञात बदमाशों ने मंदिर को नुकसान पहुंचाया है। बदमाशों ने मंदिर के शिवलिंग की प्रतिमा को खंडित कर दिया है और उसे फेंक दिया है। घटना के बाद अब स्थानीय लोग और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिर हाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## कॉन्स्टेबल ने की आत्महत्या

**फंदे पर लटकी मिली लाश**

**दुर्ग,07 अगस्त 2025(ए)।** जिले में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय कॉन्स्टेबल सुरेश साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुरेश अनुकंपा नियुक्ति पर आरक्षक के पद पर कार्यरत थे और न्यू पुलिस लाइन में अपने परिवार के साथ रहते थे।बुधवार दोपहर 2 बजे सुरेश अपनी पत्नी को राखी देने के लिए उनके मायके छोड़ने गए थे। पत्नी को छोड़कर घर लौटने के बाद उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। शाम 4 बजे पत्नी ने उन्हें कई बार फोन किया, लेकिन जवाब न मिलने पर उन्हें अनहोनी का



शक हुआ। घर पहुंचने पर उन्होंने सुरेश की लाश फंदे से लटकी देखी। आसपास के लोगों की मदद से शव को उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। अभी तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

## नक्सल पीड़ित परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए बन रहे तीन हजार पीएम आवास

**रायपुर,07 अगस्त 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दूरस्थ वनांचलों के हर परिवार को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने सरकार लगातार पहल कर रही है। राज्य में नक्सल पीड़ित परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विशेष परियोजना के तहत करीब तीन हजार आवास बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार से विशेष आग्रह कर आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से



प्रभावित परिवारों के लिए जो प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता की शर्तों में नहीं आ पा रहे थे, उनके लिए विशेष परियोजना के तहत 15 हजार आवास स्वीकृत कराया है। विशेष परियोजना के तहत राज्य में अब तक पात्र पाए गए पांच हजार परिवारों में से तीन हजार परिवारों के लिए आवास स्वीकृत कर 2111 परिवारों को आवास निर्माण के लिए पहली किस्त और 128 परिवारों को दूसरी किस्त भी जारी की जा चुकी है। सुदूर वनांचलों में रहने वाले इन परिवारों के आवास तेजी से बन रहे हैं।

## 59 लाख की धोखाधड़ी करने वाला अरेस्ट

**रायपुर,07 अगस्त 2025 (ए)।** शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी करने वाला आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार हो गया है। पीड़ित विकास लाहोटी पिता मोतीलाल लाहोटी पता जयश्री विहार पंडरी रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से उनसे 59 लाख रुपए की धोखाधड़ी होने की रिपोर्ट रेंज साइबर थाना रायपुर में पंजीबद्ध कराई थी, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 04/24 धारा 420,34 भादवि दिनांक 24/6/24 को पंजीबद्ध किया गया था। आईजी अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रायपुर की टीम को तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के संबंध में निर्देश दिया गया था निर्देसानुसार कार्यवाही करते हुए विवेचना क्रम में आरोपियों द्वारा उपयोग किए जा रहे वॉट्सएप नंबर, बैंक खातों एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। राजस्थान निवासी प्रदीप जैन



द्वारा पता बदल बदल कर फर्जी कम्पनी बनाकर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर अपने अन्य साथी की सहायता से उक्त बैंक खातों में प्रार्थी से रकम जमा करवाए गए थे। इन बैंक खातों में अलग अलग राज्यों के 57 से अधिक पुलिस थाना एवं साइबर सेल मे रिपोर्ट दर्ज है। आरोपी को दिनांक 07/08/25 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)